संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 24 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



पटना में विपक्ष की बैठक में शामिल हुए राहुल गांधी, लालू यादव, नीतीश कुमार।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 171 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अमेरिकी संसद: भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार देर रात अमेरिकी संसद को दूसरी बार संबोधित किया। इस दौरान अमेरिकी सांसदों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत में संसद को धन्यवाद दिया। भारत और अमेरिका के रिश्तों पर बोलते हुए उन्होंने कहा- एआई का मतलब है, अमेरिका और इंडिया। पीएम के पूरे भाषण के दौरान उन्हें अमेरिकी संसद में 15 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिला। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका पर मार्टिन लूथर किंग और गांधी का प्रभाव है। पीएम मोदी ने कहा- भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे यहां 2500 पार्टियां हैं। हमारी 22 ऑफिशियल भाषाएं हैं। हजारों बोली हैं। हर 100 मील पर खाने का तरीका बदल जाता है। भारत में

### तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा..

= हमारे यहां 2500 पार्टियां हैं। हमारी 22 ऑफिशियल भाषाएं हैं। हजारों बोली हैं। हर 100 मील पर खाने का तरीका बदल जाता है : पीएम मोदी

विविधता जिंदगी जीने का प्राकृतिक तरीका है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

**पिछले साल भारत ने लोकतंत्र और विविधता का उत्सव मनाया:** अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करना एक बड़ा सम्मान है। इस सम्मान के लिए मैं भारत की 1.4 अरब जनता की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। पिछले साल भारत ने आजादी के 75 साल पूरे किए हैं। हमने किसी न किसी



रूप में हजारों वर्षों के विदेशी शासन के बाद अपनी 75 वर्षों की स्वतंत्रता की यात्रा का जश्न मनाया। यह सिर्फ लोकतंत्र का ही नहीं बल्कि विविधता का भी उत्सव था।

**भारत की आजादी से अन्य देशों को प्रेरणा मिली:** भारत दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा है। पिछली शताब्दी में जब भारत को आजादी मिली तो इससे अन्य देशों को भी प्रेरणा मिली। इस सदी में जब भारत विकास का बेंचमार्क स्थापित करेगा तो अन्य देश भी इससे प्रेरित होंगे। हमारा विजन है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास।

**हमारा इतिहास अलग, लेकिन दृष्टिकोण एक:** हम अलग-अलग परिस्थितियों और इतिहास से आते हैं, लेकिन हम एक समान दृष्टिकोण और एक समान नियति से एकजुट हैं। जब हमारी साझेदारी आगे बढ़ती है तो इनोवेशन बढ़ता है। विज्ञान को नए अवसर मिलते हैं, जिससे मानवता को लाभ होता है। हमारे समुद्र और आकाश सुरक्षित होते हैं, लोकतंत्र उज्जवल होगा। यही हमारी साझेदारी का मिशन है जो इस सदी के लिए हमारा आह्वान है।

**आतंकवाद आज भी दुनिया के लिए गंभीर खतरा:** 9/11 हमले और मुंबई में 26/11 हमले के एक दशक से अधिक समय के बाद भी अभी तक कट्टरवाद और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए गंभीर खतरा है। ये विचारधाराएं नई पहचान और नया रूप लेती रहती हैं, लेकिन इनके इरादे वही हैं। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई किंतु-परंतु नहीं हो सकता। हमें आतंक को बढ़ावा देनी वाली ताकतों पर काबू पाना होगा।

**हमने 150 मिलियन लोगों को घर दिया:** भारत बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हमने 150 मिलियन से अधिक लोगों को छत देने के लिए करीब 40 मिलियन घर दिए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया की जनसंख्या का लगभग 6 गुना है। हम एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम चलाते हैं, जिससे करीब 500 मिलियन लोगों को फ्री इलाज मिलता है।


## अगस्त में लॉन्च होगा गगनयान प्रोजेक्ट का पहला अबॉर्ट मिशन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** का पहला मानव अंतरिक्ष अबॉर्ट मिशन इस साल अगस्त में लॉन्च किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने यह जानकारी दी। यहां भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) में एक कार्यक्रम के मौके पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि टेस्ट रॉकेट के साथ तीन अबॉर्ट मिशनों में से पहले मिशन को इसी साल लॉन्च किया जाएगा। दरअसल गगनयान, इसरो का एक प्रोजेक्ट है, इसमें तीन मिशन होंगे। इसका पहला मिशन मानव रहित होगा। दूसरे मिशन में एक रोबोट को भेजा जाएगा और आखिरी यानी तीसरे मिशन में अंतरिक्ष में तीन एस्ट्रोनॉट को भेजा जाएगा। इसरो प्रमुख ने बताया की दूसरा मिशन अगले साल यानी 2024 में लॉन्च किया जाएगा।

## 'मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी मांग सकती है भरण-पोषण'




**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 (डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट) के तहत गुजारा भत्ता मांग सकती है। मामला बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में था। जस्टिस जीए सनप ने गुजारा भत्ता बढ़ाने के सेशन कोर्ट के आदेश के खिलाफ महिला के पति की रीव्यू पिटीशन को खारिज कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि भले ही पति ने मुस्लिम महिला तलाक दे दिया हो, लेकिन उसे गुजारा-भत्ते से वंचित नहीं किया जा सकता है।

महिला 2006 में अपने पति के साथ सऊदी अरब गई थी। महिला और उसके पति के रिश्तेदारों के बीच विवाद था। इसी विवाद के चलते उसके पति ने बुरा बर्ताव किया। 2012 में वह अपने पति और बच्चों के साथ भारत वापस आ गई।

## हरियाणा में 2 ट्रेनों में बम की सूचना से हड़कंप



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/जींद**

**हरियाणा** के सोनीपत और जींद में दो अलग अलग पैसेंजर ट्रेनों में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। पानीपत से रोहतक जा रही पैसेंजर ट्रेन को गोहाना रेलवे स्टेशन और पानीपत से जींद जा रही दूसरी पैसेंजर गाड़ी को पिल्लूखेड़ा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया है। गोहाना में रोहतक से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। पुलिस और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे हैं। रेलवे स्टेशन के साथ ट्रेनों को भी पूरी तरह से खाली करा दिया गया। पुलिस इन दोनों ट्रेनों का कोना कोना छानने में लगी सर्च अभियान की वीडियो ग्राफी भी की गई। साथ ही जीआरपी हेडक्वार्टर में बम की सूचना देने वाले की भी तलाश शुरू कर दी गई। बताया गया है कि जींद से पानीपत के रास्ते रोहतक तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन 04008 में जीआरपी को बम की सूचना मिली। इसको लेकर शुक्रवार दोपहर किसी व्यक्ति ने जीआरपी हेडक्वार्टर के कंट्रोल रूम में फोन कर गाड़ी में बम होने की जानकारी दी।

# विपक्ष एकसाथ लड़ेगा लोकसभा चुनाव

### एक साथ चुनाव लड़ने पर सहमति बनी, अगली मीटिंग जुलाई में: सीएम नीतीश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**पटना में** शुक्रवार को विपक्षी पार्टियों की पहली बैठक के बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल शामिल नहीं हुए। वे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उनके जाने के बाद आम आदमी पार्टी ने स्टेटमेंट जारी करके कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार के काले अध्यादेश पर अपना रुख साफ करे, नहीं तो उनके साथ किसी भी बैठक में शामिल नहीं होंगे। बिहार के मुख्यमंत्री निवास एक अणे मार्ग में हुई इस बैठक में 15 पार्टियों के नेता मौजूद रहे। ढाई घंटे की बैठक में कॉमन मिनिमम प्रोग्राम, सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। विपक्षी पार्टियों की अगली बैठक शिमला में 10 से 12 जुलाई के बीच हो सकती है। सीएम आवास में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अगली बैठक जल्द की जाएगी और इसी बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा कि कौन कहां से, कैसे लड़ेगा।

**सभी पार्टी में थोड़े-थोड़े डिफ्रेंसेज:** प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कहा- हिंदुस्तान की नींव पर हमला हो रहा है। बीजेपी-संघ आक्रमण कर रही है। मैंने मीटिंग में कहा कि हम सब एक साथ खड़े हैं। सभी पार्टी में थोड़े-थोड़े डिफ्रेंसेज है, लेकिन एक साथ काम करेंगे। जो बातचीत की है, उसे अगली मीटिंग में और आगे बढ़ाएंगे। ममता ने कहा- नीतीश ने बहुत अच्छे तरीके से मीटिंग का आयोजन किया है। पटना से ही जनआंदोलन शुरू होता है। दिल्ली में कई बार मीटिंग हुई, लेकिन उसका कोई निष्कर्ष नहीं निकला।



### बंगाल में कांग्रेस का रवैया सही नहीं: ममता

**बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पटना में विपक्षी दलों की बैठक के दौरान उनके राज्य में कांग्रेस के रवैये पर नाराजगी जताई है। सूत्रों के अनुसार ममता ने बैठक में कहा कि कांग्रेस की ओर से बंगाल में जारी धरना-प्रदर्शन भी गलत है। बंगाल सीएम ने इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में ही आपत्ति जताई। उन्हांने कहा कि बंगाल में कांग्रेस का रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें आपस में लड़ने से बचना चाहिए। हम आपस में लड़ेंगे तो बीजेपी को फायदा होगा। ममता बनर्जी ने कहा कि हमें आपसी मतभेद भुलाकर भाजपा को हराने की रणनीति बनानी चाहिए।

### अध्यादेश के मुद्दे पर अड़े केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**आम** आदमी पार्टी ने अध्यादेश के मुद्दे पर विपक्षी दलों से समर्थन मांगा, लेकिन एक दल ने इस पर पलटवार कर दिया। दरअसल, केंद्र सरकार ने मई में एक अध्यादेश जारी किया था।

यह अध्यादेश कहता है कि दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति में आखिरी फैसला उपराज्यपाल का होगा।

### ओवैसी ने बैठक में शामिल दलों पर सवाल उठाए

**विपक्षी** एकता बैठक पर असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा- बैठक में शिवसेना है। क्या वे सेक्युलर हो गए हैं? दिल्ली के सीएम हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने पर भाजपा का समर्थन किया था। नीतीश कुमार हैं, जो एनडीए के तरफ से मुख्यमंत्री रहे हैं। हम भी नहीं चाहते के 2024 में देश के प्रधानमंत्री मोदी बनें, लेकिन इन पार्टियों का ट्रैक रिकॉर्ड क्या है? कांग्रेस आगे रहना चाहती है, नीतीश प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जम्मू में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी अंतिम साँस तक जम्मू-कश्मीर से दो विधान, दो निशान और दो प्रधान समाप्त करने के लिए लड़ते रहे।

## पन्नू कनाडा में मारे गए निज्जर का लेगा बदला

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**कनाडा** के सरी में मारे गए आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर के कत्ल के बाद अंडरग्राउंड हो चुके सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में आतंकी पन्नू अपने साथी आतंकी निज्जर की हत्या का बदला लेने की बात कर रहा है। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकी भी दी है। वीडियो में आतंकी पन्नू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकाते हुए कहा- याद कर राजीव गांधी को और 1991 चुनावों का दौर। 2024 में खालिस्तान समर्थक सिखों ने तुम्हें ढूंढ लेना है। हम खुलेआम घूम रहे हैं, अगर तुम्हारी सरकार में दम है तो निकलो बाहर। आज भी हम वॉशिंगटन डीसी के बाहर खड़े हैं।

## पटना में विपक्षी एकता सिर्फ फोटो सेशन: शाह

### 2024 में मोदी 300 से ज्यादा सीटें लाकर तीसरी



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**बिहार** की राजधानी पटना में विपक्षी एकता बैठक पर गृह मंत्री अमित शाह ने तंज किया है। जम्मू में शुक्रवार को एक रैली में शाह ने कहा कि पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। कितनी ही पार्टियां मीटिंग में आएं लेकिन वे कभी साथ नहीं होंगी। विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए को चुनौती देना चाहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि पीएम मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव में 300 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएंगे। पटना में नीतीश कुमार के नेतृत्व में विपक्षी एकता के लिए 15 से ज्यादा दलों की बैठक चल रही है। ये दल 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ संयुक्त विपक्षी मोर्चा बनाने के उद्देश्य के साथ सीएम हाउस में बैठक कर रहे थे।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण बंगाल आज भारत के साथ:** शाह ने कहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। मुखर्जी ने जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में काम किया था। उनके बलिदान के कारण ही आज बंगाल भारत का हिस्सा है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा कि मुखर्जी धारा 370 के खिलाफ 1953 में जम्मू-कश्मीर पहुंचे थे। यहां उन्हें धोखे से गिरफ्तार कर लिया गया था। हम सब जानते हैं कि उनकी हत्या कर दी गई थी। लेकिन अब धारा-370 खत्म हो गई है।

### तंज कसा

= कितनी ही पार्टियां मीटिंग में आएं लेकिन वे कभी साथ नहीं होंगे। विपक्ष के नेता मोदी और को चुनौती देना चाहते हैं

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 4 आतंकी ढेर



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**जम्मू-कश्मीर** के कुपवाड़ा में शुक्रवार सुबह आर्मी और पुलिस के जवानों ने चार आतंकियों को मार गिराया। वे पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने माछिल सेक्टर के काला जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान लाइन ऑफ कंट्रोल के पास उन्हें ढेर कर दिया। आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। उनकी पहचान की जा रही है। इससे पहले, 16 जून को कुपवाड़ा में ही 5 आतंकवादी मारे गए थे। इसके अलावा, 13 जून को सुरक्षा बलों ने माछिल सेक्टर में 2 आतंकियों को मार गिराया था।

## विनेश-बजरंग और साक्षी को ट्रायल में छूट

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट समेत 6 पहलवानों को ट्रायल में छूट दी गई है। इन पहलवानों को छूट देने पर ओलिंपिक मेडलिस्ट योगेश्वर दत्त नाराज हो गए। उन्होंने कहा- क्या धरना देने वाले खिलाड़ियों का यही मकसद था? कुश्ती के लिए यह काला दिन है। इंडिया के पूर्व कोच कृपा शंकर ने भी इस फैसले का विरोध किया है। योगेश्वर के बयान पर विनेश फोगाट ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि योगेश्वर पहलवानों और कोचों को महिला रेसलर्स के आंदोलन में शामिल होने से लगातार रोकता रहा। सारा कुश्ती जगत समझ गया था कि योगेश्वर बृजभूषण की थाली का झूठा खा रहा है। योगेश्वर ने महिला पहलवानों के नाम बृजभूषण और मीडिया को लीक किए। दरअसल, भारतीय ओलिंपिक संघ के एडहॉक पैनल ने 6 आंदोलनकारी पहलवानों के लिए आगामी एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप की चयन प्रक्रिया को सिर्फ एक मुकाबले की प्रतियोगिता कर दिया है। इन पहलवानों को इन दोनों प्रतियोगिताओं की भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए सिर्फ ट्रायल के विजेताओं को हराने की जरूरत होगी।



### नाराजगी

= इन पहलवानों को छूट देने पर पूवी ओलिंपिक मेडलिस्ट योगेश्वर दत्त नाराज हो गए

## इस साल कश्मीर में पत्थरबाजी की एक भी घटना नहीं

### 2009 के बाद से पाकिस्तान ने पत्थरबाजों को 800 करोड़ रुपए से अधिक की फंडिंग की

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**कश्मीर** घाटी में 2008 के बाद से पाकिस्तान की शह पर होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं पर 2020 के बाद से लगाम लग गई। आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में घाटी में पत्थरबाजी की सिर्फ 5 घटनाएं सामने आईं। पुलिस का दावा है कि इस साल अभी तक कश्मीर में पत्थरबाजी की एक भी घटना नहीं हुई है। भारतीय खुफिया ब्यूरो की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ने कश्मीर के पत्थरबाजों को 2009 के बाद से 800 करोड़ रुपए से अधिक की फंडिंग की गई थी। पाकिस्तान की ओर से फंडिंग के बूते ही 2016 में श्रीनगर में पत्थरबाज एसोसिएशन ऑफ जे एंड के जैसे कुछ संगठन बन गए थे। कश्मीर घाटी में पत्थरबाजी एक इंडस्ट्री बन चुकी थी। पाकिस्तान से पत्थरबाजी के लिए पैसा आतंकवादियों, हैंडलर्स, हवाला नेटवर्क और अन्य माध्यमों से कश्मीर घाटी में भेजा जाता था। यहां से ये अलगाववादी नेता और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क के जरिए पत्थरबाज युवाओं को बांटा जाता था।

### ऐतिहासिक

= पुलिस का दावा है कि इस साल अभी तक कश्मीर में पत्थरबाजी की एक भी घटना नहीं हुई है



**पत्थरबाजों को अब पश्चाताप हो रहा है:** आदिल फारूक का कहना है कि मैं 16 साल की उम्र में सोचता था कि पत्थरबाजी से ही समस्याओं का हल निकलेगा, लेकिन पुलिस और कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने के बाद मुझे हकीकत समझ में आई। पत्थरबाजी की घटनाओं से जुड़े होने से नुकसान मेरा ही हुआ। अब मैंने इसे छोड़ दिया।

**मैं तंगहाल था और वो मुझे हजार रुपए देते थे:** अबरार बट का कहना है कि तंगहाली के दौरान एक एजेंट ने मुझे पत्थरबाजी के लिए उकसाया। मेरे हाथ में हजार रुपए थमा दिए। हमें बताया गया कि अगले दिन कहां पत्थरबाजी करनी है। मैंने इसे काम ही बना लिया, पर मुझे बाद में परेशान ही होना पड़ा। जम्मू-कश्मीर में एक्टिव आतंकी संगठनों ने अपने ओवर ग्राउंड वर्कर्स के रूप में महिलाओं, लड़कियों और नाबालिग बच्चों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। वे इनसे हथियार, मैसेज और ड्रग्स की सप्लाई करवा रहे हैं। चिनार कॉर्प्स के लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला ने यह जानकारी दी है।

## पंजाब में पेंशनधारकों पर टैक्स की मार

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब** सरकार ने पेंशन धारकों से भी 200 रुपए वसूलने की मंजूरी दे दी है। जिसके बाद सीएम भगवंत मान की सरकार एक बार फिर विरोधी पार्टियों के निशाने पर आ गई है। कांग्रेस विधायकों ने तो पंजाब की वित्तीय स्थिति को गंभीर करार दे दिया है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग व पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। गौरतलब है कि अभी तक हर नौकरी पेशा व्यक्ति से हर माह 200 रुपए डेवलपमेंट व प्रोफेशनल टैक्स के तौर पर वसूले जा रहे थे। यानी कि साल का एक व्यक्ति 2400 रुपए पंजाब सरकार को दे रहा था। दुकानदार व पेंशनर इस कैटेगरी में नहीं आते थे। लेकिन पंजाब सरकार ने अब पेंशनर्स से भी यह टैक्स लेने की घोषणा की है। पेंशन धारकों को भी अब साल में 2400 रुपए टैक्स के तौर पर देने होंगे। खास बात है कि यह टैक्स पहले ही पेंशन से काट लिया जाएगा।



### विपक्ष ने घेरा

= पेंशनर्स से भी यह टैक्स लेने की घोषणा की है। पेंशन धारकों को भी अब साल में 2400 रुपए टैक्स के तौर पर देने होंगे

**राजा वडिंग ने की प्रस्ताव की निंदा:** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने पंजाब सरकार के इस फैसले की निंदा की है। वडिंग ने ट्वीट कर कहा- यह बेहतर होगा भगवंत मान अगर आप अपनी वास्तविक योजना को सार्वजनिक करते हैं। 'बदलाव' के नाम पर नए टैक्सों से लोगों को लूटना बंद करें। पंजाब कांग्रेस राज्य सरकार की पेंशन भोगियों और पंजाब सरकार के सेवानिवृत्त लोगों से कर के रूप में 200 रुपए प्रति माह की कटौती वसूलने के प्रस्ताव की निंदा करती है।

# गौरवशाली भारत रैली की तैयारियां पूर्ण: संजय

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि तथा मुख्य मंत्री मनोहर लाल होंगे गौरवशाली भारत रैली अध्यक्षता: संजय

**8 मोदी ने भारत का गौरव बढ़ाया है: ढांडा, गौरवशाली भारत रैली भव्य होगी: अर्चना, सुबह 9 बजे आरंभ हो जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान मंत्रित्व काल के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा 30 मई से विभिन्न विभिन्न प्रकार से जन सम्पर्क अभियान चलाए हुए है इसी श्रृंखला में आज पानीपत की अनाज मंडी लोक सभा क्षेत्र स्तरीय रैली आयोजित हो रही है । इस। संबंध में रैली स्थल पर एक प्रेस वार्ता रखी गई जिसको मुख्य रूप से सांसद संजय भाटिया ने संबोधित किया। संजय भाटिया ने बताया की रैली स्थानीय अनाज मंडी सुबह 9 बजे आरंभ हो जाएगी। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर संबोधित करेंगे रैली की अध्यक्षता मुख्य मंत्री मनोहर लाल करेंगे। उन्होंने बताया की रैली की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। संजय ने बताया की रैली में गजेंद्र फोगाट लाइव गीत गाएंगे। संजय ने पिछली सरकारों पर हमला करते हुए कहा की पहले की सरकारों में 20 ,30 लाख के विकास कार्य करवाने के लिए रैलियां करवानी पड़ती थी अब तो केवल भारत की गौरव गाथा की यात्रा का वर्णन करने के लिए रैली होती है। विकास कार्य तो मुख्य मंत्री मनोहर लाल एक काल पर ही करवा देते है। विकास कार्यों के लिए तो मुख्य मंत्री मनोहर लाल केवल एक काल की दूरी पर है। उन्होंने बताया की मुख्य अतिथि समय से पानीपत पहुंच कर भाजपा के वरिष्ठ नेता नीति सेन भाटिया के घर चाय लेने के बाद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवम विधायक महिपाल ढांडा के निवास पर नाश्ता करने के तुरंत बाद रैली में पहुंचेंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवम विधायक महिपाल ढांडा ने कहा की इस से पहले अनुराग ठाकुर 2012 में पानीपत आए थे।अब 11 वर्षों बाद पानीपत आ रहे है।उन्होंने कहा की अनुराग ठाकुर युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है। महीपाल ने कहा की आज भारतीयों के लिए व्हाइट हाउस के दरवाजे खुले ये 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ज़िला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने कहा की भारत गौरवशाली रैली भव्य होगी।लोग नाचते गाते , ढोल नगाड़े बजाते रैली में शामिल होंगे। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की दुनिया के शासनाध्यक्ष कोई मोदी को बॉस बताता है ,कोई ऑटो ग्राफ मांगता है।कोई चरण स्पर्श करता है यही भारत का गौरव है। उन्होंने बताया की अभी मोदी अमेरिका के दौरे पर है उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में योगी दिवस पर सभी सदस्यों देशों के साथ योग कर देश का गौरव ऊंचा किया है मोदी को अमेरिका भरपूर सम्मान दे रहा है। इसलिए ये रैली ही नहीं बल्कि मोदी के नेतृत्व बढ़ते भारत के गौरव मनाने का उत्सव है। वार्ता का संचालन जिला भाजपा मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा ने किया। वार्ता में मुख्य रूप से मेघ राज गुप्ता,सुलेख डिडवाडा, ईश कुमार राणा, सुनिल कुमार पढाणां ,कृष्ण आर्य तथा सुनीता गोयल मोजूद थे

# 'पौधें वटवृक्ष बनकर हमें छांव व फल देने के काम आएंगे'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** लाडवा के गांव गुढ़ा में ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि रमेश पंवार द्वारा वृक्ष भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें एक हजार पौधे ग्रामीणों को लगाने के लिए वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने ग्रामीणों को कहा कि आज हम जो यह बरसात के मौसम में पौधे लगा रहे हैं कल यही वटवृक्ष बनकर हमें छांव व फल देने के काम आएंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की देखभाल व सेवा करते हैं उसी प्रकार पौधे भी हमारे

**8 जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की देखभाल व सेवा करते हैं उसी प्रकार पौधे भी हमारे बच्चों की तरह है**

बच्चों की तरह है। यदि कम से कम डेढ़ वर्ष तक इन पौधों की देखभाल की जाए तो उसके बाद यह वृक्ष बन जाते हैं और हमें अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान करते हैं। वहीं ग्रामीणों को लगभग एक हजार पौधे वितरित किये गए। जिसमें कुछ पौधे फलदार व छायं देते वाले थे। मौके पर खंड एवं पंचायत बीडीपीओ रूबल दीनदयाल, गुरदीप सिंह, हाकम सिंह, सुरेश कुमार, नरेश कुमार, भूपिन्द्र, हरदीप सैनी, राहुल आदि थे।

# संस्कारशाला ने बदले समर कैंप के आयाम: संदीप सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
रेजिडेंट सोशल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर 7 के द्वारा श्री नीलकंठ महादेव प्राचीन शिव मंदिर सेक्टर 7 में संस्कारशाला 3 दिन का समर कैंप का आयोजन किया गया !!
इस समर कैंप में सुमन पंडित, नंदकिशोर पंडित, वा कैलाश पंडित जी ने अपनी सनातन संस्कृति, सनातन सभ्यता ,भारतवर्ष की पवित्र नदियां, ग्रंथों, वेदों इस में मनाए जाने वाले त्योहारों का महत्व और भारतीय सनातन पद्धति किस प्रकार



वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सही है, सटीक है के बारे में बच्चों को 3 दिन तक जानकारियां दी! इस सारे कार्यक्रम में मोहित आहलूवालिया ने बच्चों के लिए 3 दिन तक नित्य प्रति उनको सनातन धर्म की सनातन संस्कृति की विशेषताओं के बारे में प्रश्न उत्तर दिए और देसी महीनों के बारे में बताया , ग्रहों के बारे बताया !!
महापुरुषों ने किस प्रकार वेदों पुराणों की रचना की और किस प्रकार हमारे यहां मास( महीने के दिनो) के दिनों की गणना होती है किस प्रकार हमारे यहां ग्रहों के अनुसार तिथियां बदलती है, गाय के विषय में माता-पिता का सम्मान आदि अनेक छोटे-छोटे विषय जीन को लेकर बच्चों में उत्सुकता जागरूकता बनी के विषय में जानकारियां दी! कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रधान संदीप सचदेवा-एडवोकेट ने सभी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया! इस अवसर पर बोलते हुए प्रधान संदीप सचदेवा ने कहा की वर्तमान में भौतिक युग में हमारे बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा विज्ञान की शिक्षा के साथ-साथ सनातन संस्कृति सनातन सभ्यता की भी शिक्षा और ज्ञान की भी जानकारी होनी चाहिए ! हम भौतिक वाद के चक्कर में अपने बच्चों को ना चाहते हुए भी अपनी संस्कृति और संस्कारों से दूर करते जा रहे हैं जो भारतीय मूल समाज के घातक होती जा रही है! बच्चों का भारतीय विद्या में विश्वास हो ,सनातन संस्कृति में विश्वास हो, सनातन सभ्यता में विश्वास हो सनातन के नियमों में विश्वास हो इसलिए छोटी आयु में ही बच्चों को जब सही ढंग से इन सब के विषय में इस प्रकार के समर कैंप ओं के माध्यम से जागृत किया।

# जड़ से खत्म होना चाहिए, स्थायी मान्यता का रिव्यू सिस्टम

**~~8 मानसी ने यूपीएससी में 178वां स्थान हासिल कर दिखा दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं~~**



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेल्फेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने अंबाला में प्रेस वार्त्ता में कहा कि 10 साल पुराने स्थायी मान्यता वाले निजी स्कूलों के लिए बनाई गई समीक्षा नीति का निजी स्कूल संचालक पुरजोर विरोध करते हैं। निजी स्कूलों के लिए दमनकारी स्थायी मान्यता का रिव्यू सिस्टम जड़ से खत्म होना चाहिए।
डॉ. कुलभूषण शर्मा ने मीडिया के समक्ष कहा कि हम शिक्षाविद नई शिक्षा नीति 2020 का स्वागत करते हैं। शिक्षा से देश और प्रदेश का विकास होगा। एक तरफ हरियाणा सरकार नई शिक्षा नीति का स्वागत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देने को तत्पर है,दूसरी तरफ 10 वर्ष पुराने मान्यता प्राप्त स्कूलों के रिव्यू संबंधी लेटर जारी हुआ है जो कि शिक्षा व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर रहा है। डॉ. कुलभूषण का कहना है कि हम रिव्यू की पेचीदगी का विरोध कर रहे हैं। इससे करप्शन को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा विभाग की इस नीति के विरोध में हम लामबंद हैं और रिव्यू के लिए फार्म नहीं भरेंगे। हमारा मानना है कि जिन स्कूलों को एक बार मान्यता प्रदान कर दी गई है उन स्कूलों की बार-बार समीक्षा कराने की आवश्यकता क्या है? सच यह है कि स्कूलों को नार्म्स के पूर्ण होने के बाद मान्यता दी गई थी।
हर साल भरते हैं हम फार्म-6
निजी स्कूल्स हर साल फार्म-6 भर कर अपने स्कूल संबंधी तमाम तकनीकी जानकारी सरकार के समक्ष रखते हैं। जब सरकार के पास स्कूलों संबंधी पूर्ण जानकारी पहले से है, ऐसे में नए नियम को लागू करने का क्या औचित्य है। सरकार चाहे तो 10 साल स्थायी मान्यता वाले स्कूलों से एक हलफनामा ले सकती है। इसके अलावा सरकार अपने स्तर पर स्कूलों की जांच करवा सकती है।
करप्शन को बढ़ावा देगा नया नियम
नए नियम के तहत रिव्यू कराने के लिए स्कूल संचालकों को सरकारी आफिसों के धक्के खाने पड़ेंगे। ऐसे हालात में करप्शन को बढ़ावा मिलेगा डॉ. कुलभूषण शर्मा ने प्रेस वार्त्ता के दौरान कहा कि बुधवार को फेडरेशन पदाधिकारियों और मेंबर्स की हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल से इसी मुद्दें पर वार्त्ता हुई है।

# 'इनेलो सरकार बनने पर पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/ कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक)** पेहवा से इंडियन नेशनल लोकदल के चुनाव चिन्ह पर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके पूर्व प्रत्याशी मनजीत चौधरी ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल जनता से जो वायदा करता हैं उसको निभाने का काम भी करता है। उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार बनने पर हरियाणा के कर्मचारियों के लिए नई पेंशन स्कीम को बंद करके पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम को वाजपेयी की सरकार ने बंद किया था। उस समय हरियाणा में ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व में इंडियन नेशनल लोकदल की सरकार थी। ओम प्रकाश चौटाला ने देखा कि है यह योजना कर्मचारियों के लिए नुकसानदेह है। तब उन्होंने एनडीए का हिस्सा होते हुए भी कर्मचारियों के साथ अन्याय करने से मना कर दिया और इस योजना को हरियाणा में लागू नहीं किया। वर्ष 2005 में हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात और उनकी अनदेखी करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया। मनजीत चौधरी ने कहा कि इंडियन नेशनल



लोकदल ने हमेशा ही कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा की है और अब भी अभय सिंह चौटाला स्पष्ट कर चुके हैं कि इनेलो की सरकार बनने पर पहली कलम से हरियाणा में पुरानी पेंशन स्कीम बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बहुत अफसोस की बात है कि पिछले 9 वर्ष से हरियाणा में भाजपा गठबंधन की सरकार है और उससे पहले 10 वर्ष कांग्रेस की सरकार थी तब इनमें से किसी को भी कर्मचारियों का दर्द नजर नहीं आया। हरियाणा में वर्तमान गठबंधन की सरकार कर्मचारियों के साथ तानाशाही का बर्ताव कर रही है। कर्मचारी पूरे प्रदेश में साइकिल यात्रा निकालकर सरकार से पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन भाजपा जजपा गठबंधन की सरकार गूंगी बहरी है जिसके कान पर अब तक जूं तक नहीं रेंग रही।

# 20 दिवसीय नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के केशव सदन में 20 दिवसीय नृत्य कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस नृत्य कार्यशाला के संयोजक सचिन चौधरी डीपीई ने बताया कि इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद से धर्मपाल व विकास उपस्थित रहे। इस नृत्य कार्यशाला में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य और पंजाबी भांगड़ा व नृत्य की



अलग-अलग विधाएं सीखी। यह सारा कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सचिंद्र कोड़ा के मार्गदर्शन में किया गया। नृत्य कार्यशाला में नृत्य सिखाने के लिए दीपक कुमार व उनके सहयोगी पंकज कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को बहुत अच्छे तरीके से नृत्य की अलग-अलग विधाएं सिखाई तथा बच्चों ने भी बड़ा मन लगाकर नृत्य की विधाएं सीखी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पवन शर्मा को फुलब्राइट स्कॉलर-इन-रेसिडेंस फेलोशिप के लिए किया गया नामित

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा को प्रतिष्ठित फुलब्राइट स्कॉलर-इन-रेसिडेंस फेलोशिप के लिए नामित गया है। इस वर्ष, फुलब्राइट फॉरेन स्कॉलरशिप बोर्ड, वाशिंगटन डी.सी. ने फुलब्राइट स्कॉलर-इन-रेसिडेंस प्रोग्राम के तहत छह महाद्वीपों के 30 देशों के विविध विषयों में 46 विद्वानों को मंजूरी दी है। प्रो. पवन कुमार शर्मा हरियाणा के पहले विद्वान हैं जिन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# जतिन छाबड़ा को बनाया नारायणगढ़ विधानसभा चेयरपर्सन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पिछले लम्बे समय से संगठन नहीं होने का खामियाजा भुगत रही कांग्रेस ने अब धीरे-धीरे अलग-अलग विभागों में सदस्यों की नियुक्ति करनी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कांग्रेस कमेटी की ओर से सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफार्म के लिए कई जिलों से चेयरमैन व अन्य पदों पर नियुक्ति सूचना जारी कर दी है। इसमें नारायणगढ़ निवासी जतिन छाबड़ा को स्थानीय नारायणगढ़ विधानसभा का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से अम्बाला कैंट विधानसभा का जिम्मा विकास शर्मा जबकि प्रदीप कुमार को अम्बाला



शहर का जिम्मा सौंपा गया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से सोनीपत के विधायक एवं सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन सुरेंद्र पंवार की ओर से कांग्रेसियों को दिए गए पदों की सूची जारी की गई है। सूची में नारायणगढ़ विधानसभा के लिए जतिन छाबड़ा का नाम आने के बाद उन्हें बधाईयां देने वालों का तांता लग गया। पूर्व सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक मैहता ने जतिन को उसकी नियुक्ति का पत्र सौंपा और बधाई दी। जतिन ने कहा कि पार्टी

**8 अम्बाला कैंट विधानसभा का जिम्मा विकास शर्मा जबकि प्रदीप कुमार को अम्बाला शहर का जिम्मा सौंपा गया है**

द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, वह उस पर ईमानदारी से काम करते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर अशोक मैहता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा संगठन बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है और इसी कड़ी में एक-एक कदम चलते हुए सदस्यों की नियुक्तियां की जा रही हैं। कहा कि बिना संगठन के भी कांग्रेस काफी मजबूत स्थिति है और वर्ष 2024 में प्रदेश में एक बार फिर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। मैहता ने कहा कि मौजूदा समय में भाजपा-जजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की जनता महंगाई के कारण सबसे अधिक तंग है। सिलेंडरों के रेट में आए दिन बढ़ौतरी हो रही है जिससे निम्न व मध्यमवर्गीय परिवारों को गुजारा तक करना मुश्किल हो गया है। बुजुर्ग लोगों की पैंशन बढ़ाने के बजाए काटी जा रही है, लोगों के परिवार पहचान पत्र के कारण बी.पी.एल. कार्ड तक काट दिए गए है। मैहता ने कहा कि वर्ष 2024 में कांग्रेस की सरकार आते ही खाली पड़े हजारों पदों को रेगुलर भर्ती करके भरा जाएगा।

# कुरुक्षेत्र के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए वृक्ष भंडारा कार्यक्रम देगा अहम योगदान: धुमन

## बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने ब्लॉक समिति के वार्ड 14 से वृक्ष भंडारे का किया आगाज, लोगों को वितरित किए पौधे

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि कुरुक्षेत्र के पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अब वृक्ष भंडारा कार्यक्रम अहम योगदान देगा। इस कार्यक्रम को निरंतर जारी रखने का प्रयास भी किया जाएगा ताकि जन-जन तक वृक्ष भंडारे की आवाज पहुंच सके और लोग पौधे लगाने के लिए आगे आ सके। इस वृक्ष भंडारे के दौरान लोगों को पौधे लगाने के बाद उनका पालन पोषण करने का भी आह्वान किया जा रहा है।
बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच शुक्रवार को ब्लॉक समिति वार्ड 14 में ब्लॉक समिति के सदस्य द्वारा आयोजित वृक्ष भंडारा कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष




धुमन सिंह किरमच, ब्लॉक समिति सदस्य राजेश सैनी, समाज सेवी साधु राम सैनी, गुरुदेव शर्मा, हरमन खुबर, एडवोकेट राजकुमार सैनी, भूपेंद्रा सिंह ने विधिवत रूप से ब्लॉक समिति वार्ड-14 से वृक्ष भंडारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने दर्जनों

**8 सभी ब्लॉक समिति सदस्यों, जिला परिषद समिति सदस्यों और पंचों, सरपंचों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए**

लोगों को पौधे भी वितरित किए और लोगों से इन पौधों को रोपित करने के बाद उनका पालन-पोषण करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में जहां तेजी के साथ प्रगति हो रही है, इस प्रगति के साथ पेड़ों की कटाई भी चल रही है। इससे पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है और इसका दुष्प्रभाव आमजन पर स्पष्ट देखा जा सकता है। इसलिए इस विषय पर अब गहनता से चिंतन करने की जरूरत है। अगर अब भी लोग जागरूक नहीं हुए तो आने वाले समय में भावी पीढ़ी को बहुत सी कठिनाईयों का सामना भी करना पड़ सकता है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस विषय को गंभीरता से लेकर चल रहे है और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील भी कर रहे है। इस सोच को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ही ब्लॉक समिति वार्ड नंबर 14 के सदस्य राजेश सैनी और उनकी टीम ने वृक्ष भंडारा कार्यक्रम को शुरू करके एक अनोखी पहल की है। इस पहल के जरिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने का प्रयास किया जाएगा, यहां तक कि पौधे रोपित करने का एक लक्ष्य भी निर्धारित किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने कहा कि इस समिति से प्रेरणा लेकर कुरुक्षेत्र के सभी ब्लॉक समिति सदस्यों, जिला परिषद समिति सदस्यों और पंचों, सरपंचों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण को बचाने में कुछ योगदान दिया जा सके।

# 'पीपीपी में आय सत्यापन शिकायतों का 2 माह में होगा निपटान'

## एडीसी को दी गई है ओवरराइडिंग पॉवर, दस्तावेजों के आधार पर आय को सत्यापित करके पीपीपी में दर्ज आय को एडीसी कर सकते हैं अपडेट: मनोहर लाल

**8 मॉड्यूल, शिकायत निवारण आदि की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विभिन्न विकल्प बनाए गए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के तहत आय सत्यापन से संबंधित प्राप्त नागरिकों की शिकायतों का आगामी 2 माह में निपटारा कर दिया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त जिला उपायुक्तों (एडीसी) को ओवरराइडिंग पॉवर दी गई है कि वे दस्तावेजों के आधार पर आय को सत्यापित करके पीपीपी में दर्ज आय को अपडेट कर सकते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, जो हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण (एचपीपीए) के चेयरमैन भी हैं, प्राधिकरण की 5वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनोहर लाल ने अधिकारी को निर्देश दिये कि पीपीपी से संबंधित डाटा अपडेशन के लिए अतिरिक्त जिला उपायुक्त सहित संबंधित हितधारकों की एक संयुक्त ट्रेनिंग कराई जाए ताकि डाटा अपडेशन का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। बैठक में बताया गया कि राज्य में अब तक 67 लाख से अधिक परिवार पीपीपी के साथ पंजीकृत हैं और सत्यापन, सुधार मॉड्यूल, शिकायत निवारण आदि की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विभिन्न विकल्प बनाए गए हैं ताकि आवेदक को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र हरियाणा सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है और हरियाणा पहला प्रदेश है जिसने इस प्रकार की अनूठी पहल शुरू की है। इससे सरकार की 500 से अधिक योजनाओं व सेवाओं जैसे राशन कार्ड, पेंशन, चिरायु हरियाणा, ई-फर्द, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र इत्यादि का लाभ नागरिकों को उनके घर द्वार पर मिल रहा है और उन्हें पहले की तरह सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। मनोहर लाल ने बताया कि पीपीपी से संबंधित नागरिकों की शिकायतों के निपटान के लिए भी समुचित व्यवस्था बनाई गई है। अभी तक 8 लाख 64 हजार शिकायतों प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 8 लाख 18 हजार से अधिक शिकायतों का निपटान किया जा चुका है।

## जन कल्याण के लिए बनाई गई नीतियों व सिस्टम का विरोध करने वाले विपक्ष को जनता देगी जवाब

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने जन कल्याण के लिए नई-नई पहल करते हुए अनेक योजनाएं बनाई हैं, जिनका लाभ आज जनता को हो रहा है। व्यवस्था परिवर्तन आसान नहीं होता, लेकिन अनुभवों के आधार पर नई पहलों की स्वीकार्यता बढ़ती है। आज प्रदेश के नागरिकों को सुविधाजनक तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लेकिन विपक्ष के लोग कहते हैं कि जब हम आएंगे, तो पीपीपी खत्म कर देंगे, पोर्टल खत्म कर देंगे, मैरिट-वैरिट फाड़ देंगे। जितना विपक्ष हमारी नीतियों का विरोध करेंगे, उतना हमें लाभ होगा और जनता उन्हें जवाब देगी। विपक्ष द्वारा महागठबंधन बनाने के विषय पर पूछे गए

**8 एक समय होता था, जब कांग्रेस का मतलब शासन और शासन का मतलब कांग्रेस होता था**

सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में इस प्रकार की बातें चलती रहती हैं। एक समय होता था, जब कांग्रेस का मतलब शासन और शासन का मतलब कांग्रेस होता था। लेकिन जब उन्होंने आपातकाल लागू किया, उसके बाद जन-जागरण हुआ। जिसके बाद पहली बार कांग्रेस की सरकार बदली और जनता को समझ आया कि वोट में कितनी ताकत है। जनता सब जानती है, उन्हें सही और गलत की पहचान है, जनता अपने विवेक से निर्णय लेती है। इस अवसर पर मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्त आयुक्त राजेश खुल्लर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और नागरिक संसाधन सूचना विभाग के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के डिप्टी चेयरपर्सन बी के गैरोला, हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अंत्योदय परिवारों के बिजली संबंधी विवादों के निपटान पर बड़ी राहत



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को एक ओर बड़ी राहत देते हुए ऐसे परिवारों के बिजली संबंधी विवादों के निपटान के लिए बड़ा निर्णय लिया है। एक लाख रुपये वार्षिक आय वाले अंत्योदय परिवारों, जो डिफॉल्ट हो गए या जिन पर जुमार्ना लगाया गया है या उनके बिजली के कनेक्शन कट गए हैं, ऐसे परिवारों पर किसी प्रकार का जुमार्ना नहीं लगेगा, इसे माफ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिफॉल्ट राशि चाहे कितनी भी हो, ऐसे उपभोक्ताओं को केवल एक साल के औसतन बिल से अधिक राशि का भुगतान नहीं करना होगा, चाहे 10 साल का ही पेंडिंग बिल क्यों न हों। 150 यूनिट प्रति माह की औसत से उपभोक्ताओं को अधिकतम 3600 रुपये का ही भुगतान करना होगा। इस राशि में से 25 प्रतिशत राशि का अग्रिम भुगतान करने पर उनका कनेक्शन दोबारा जोड़ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री बिजली विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह भी उपस्थित थे।

**8 एक लाख रुपये वार्षिक आय वाले अंत्योदय परिवारों, जो डिफॉल्ट हो गए या जिन पर जुर्माना लगाया गया है**

**अनियमित कॉलोनियों में मिलेंगे बिजली कनेक्शन:**
मनोहर लाल ने कहा कि पानी व बिजली लोगों का मूलभूत अधिकार है। इसलिए नागरिकों की सुविधा के लिए अनियमित कॉलोनियों, जिनमें पहले बिजली कनेक्शन नहीं दिए जाते थे, उनमें भी बिजली कनेक्शन देने का निर्णय लिया गया है। नागरिकों को केवल आवेदन करना होगा, इसके लिए उनसे कोई अन्य दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा और लगभग 1 माह में बिजली का कनेक्शन जारी कर दिया जाएगा।

**ट्यूबवेलों के लिए स्वैच्छिक लोड घोषित करने की योजना को पुनः चलाया जाये:**
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषि ट्यूबवेलों के लिए किसान स्वैच्छिक रूप से अपना लोड बढ़ाने की घोषणा करें, इसके लिए वर्ष 2018 में आरंभ की गई योजना को पुनः चलाया जाये। यदि कोई किसान आवश्यकतानुसार बड़ी मोटर लगाना चाहता है, तो उसे अब स्वैच्छिक लोड घोषित करना होगा, जिसके बाद लोड को बढ़ा दिया जाएगा।

## कांग्रेस के शासनकाल से अधिक विकास कार्य मोदी सरकार के 9 वर्ष में हुए

**टीम एक्शन इंडिया/बवानी खेड़ा**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल पर भाजपा का 9 वर्ष का कार्यकाल भारी पड़ा है। इस समय अवधि के दौरान भारत देश की शाख विश्व भर में बढ़ी है। पहले जो देश हमारे प्रधानमंत्री को वीजा तक नहीं देते थे, वो आज नरेंद्र मोदी का अपने देश में स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर स्तर पर मजबूत है, फिर चाहे दमदार नेताओं की बात करें या फिर बेदाग छवि की। वे शुक्रवार को जिला के बवानी खेड़ा के गांव तिगड़ाना में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बवानीखेड़ा से विधायक विशंबर वाल्मिकी ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश



धनखड़ ने कहा कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन पार्टी के लिए गर्व की बात है। पन्ना प्रमुख ही पार्टी को जनसाधारण से जोड़ने का एक प्रमुख माध्यम है। पन्ना प्रमुख को ताकतवर बनाकर किसी भी संगठन को ताकतवर बनाया जा सकता है। इसलिए पन्ना प्रमुख का पार्टी में पूरा सम्मान होना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन और पार्टी है, यह केवल पन्ना प्रमुखों की वजह से ही है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग की खुशहाली की मंशा से विशेषकर कार्य कर रही है। विशेषकर देश के अन्नदाताओं की तरक्की एवं उत्थान की दिशा में बेहतरीन कार्य किए जा रहे है।
उन्होंने कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए प्रदेश सरकार एसवाईएल का पानी लाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत्त है, भले ही यह हिमाचल के रास्ते से लाना

**8 भाजपा हर स्तर पर मजबूत है, फिर चाहे दमदार नेताओं की बात करें या फिर बेदाग छवि की**

पड़े, क्योंकि एसवाईएल के पानी से पूरे दक्षिण हरियाणा में पूरा नहरी पानी मिलेगा। धनखड़ ने कहा कि आज भारत और अमेरिका के रिश्ते मोदी की कुशल नीतियों की वजह से चरम सीमा पर पहुंचे हैं पूरे अमेरिका में मोदी मोदी का गुणगान हो रहा है अमेरिका से विभिन्न प्रकार के आर्थिक और सामरिक समझौते हुए है, जिनसे देश को आगामी समय में नई दिशा मिलेगी। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त हो रहा है तथा अब दुनिया के विकसित देश भी भारत की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं।

## अवैध कॉलोनियों काटने वालों पर होगी एफआईआर दर्ज

**पानीपत:** उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह से नई कॉलोनियां का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। अधिकारी किसी भी प्रकार का प्रैसर ना माने। जो कोलोनाइजर अवैध कॉलोनियों का निर्माण करेंगे उनके खिलाफ जरूरत पडने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जरूरत पडने पर एफआईआर दर्ज करने में भी संकोच नहीं बरता जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि ईमानदारी एक ऐसा नशा है जो अलग ही दिखाई पड़ता है। हमें ईमानदारी से कार्य करके जनमत का दिल जितना है। भ्रष्टद्वाचार पर लगाम लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

## कुलदीप ने लांधड़ी टोल प्लाजा हटाने की मांग पर लिखा नितिन गडकरी को पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर लांधड़ी टोल प्लाजा को हटाने की मांग की है। केन्द्रीय मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में निनित गडकरी ने देश में विश्व स्तरीय सडक बुनियादी ढांचे का निर्माण करने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने देश के सभी राज्यों में नेशनल हाइवे का जाल बिछाया है, उससे न केवल परिवहन सुगम हुआ है, बल्कि भारत के राष्ट्रीय राजमार्गों की तुलना दुनिया के विकसित देशों से होने लगी है। अपनी दूरदर्शी नीतियां एवं राष्ट्रहितैषी सोच से उन्होंने देश के राष्ट्रीय राजमार्गों की कायाकल्प कर दी है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री का ध्यान वे हिसार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नेशनल हाइवे-9 की तरफ आकर्षित करवाना चाहते हैं, जहां पर मात्र 35 किलोमीटर की दूरी पर ही दो टोल प्लाजा स्थापित कर दिए गए हैं।

## एचटेट परीक्षा के पाठ्यक्रम के लिए बोर्ड तैयार कर रहा प्रारूप

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. वीपी यादव एवं सचिव कृष्ण कुमार ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के पाठ्यक्रम को लेकर प्रदेश भर के कॉलेजों व विद्यालयों के प्राचार्यों, प्राध्यापकों एवं प्रवक्ताओं के साथ शुक्रवार को बोर्ड मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। डा. यादव ने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन एनसीटीई एवं शिक्षा विभाग द्वारा जारी जन-सूचना पत्रक के अनुरूप करवाया जाता रहा है। पाठ्यक्रम के संबंध में समय-समय पर प्रदेशभर से अभ्यर्थियों द्वारा मांग व सुझाव के दृष्टिगत एचटेट परीक्षा की विषय वस्तु को विस्तृत रूप देने के लिए बैठक में निर्णय लिया गया।

## मोदी सरकार ने देश को सुरक्षित किया: बृजेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हिसार से** भाजपा सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार सरकार ने नौ वर्ष के दौरान अनेक उपलब्धियां हासिल की है। पार्टी की ओर से चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर इन उपलब्धियों से हर नागरिक को अवगत करवा रहे हैं। सांसद बृजेन्द्र सिंह शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, मेयर गौतम सरदाना, जिला महामंत्री प्रवीण पोपली व एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया, जिला

**8 पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर इन उपलब्धियों से हर नागरिक को अवगत करवा रहे हैं**

मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, सीमा गैबीपुर, तेजेन्द्र ढुल व अनिल कैरों सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद बृजेन्द्र सिंह एवं अन्य पार्टीजनों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यापर्ण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बातचीत में सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ साल में देश को सुरक्षित किया है।

## धान अवशेष जलाने के मामले शून्य पर लाने की योजना

**8 योजना के तहत समय-समय पर अधिकारी गांवों का दौरा करके किसानों को जानकारी देंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा सरकार धान के अवशेष जलाने के मामलों को शून्य करने की योजना बना रही है। इसके लिए ग्राम पंचायतों, किसान यूनियनों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का सहयोग लिया जाएगा और पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना के तहत समय-समय पर अधिकारी गांवों का दौरा करके किसानों को जानकारी देंगे ताकि यह फलीभूत हो सके। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धान अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण के प्रति सरकार



गंभीर है। सरकार पिछले कई वर्षों से धान अवशेष न जलाने की अपील कर रही है और सरकार की अपील की असर भी पड़ा है कि ऐसे मामलों में कमी भी आई है। सकारात्मक रिपोर्ट को देखते हुए सरकार ने अब धान के अवशेषों को जलाने के मामले शून्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बताया जा रहा है कि सरकार एवं कृषि विभाग की इस योजना को सिरे चढ़ाने की दिशा में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरपर्सन डॉ. एमएम कुट्टी एवं राज्य के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उपायुक्तों व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा वर्ष 2023 के दौरान धान के अवशेषों को जलाने के मामलों को शून्य करने के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए हर जिले में कार्य योजना बनाई जाएगी। योजना के तहत इन-सीटू और एक्स-सीटू माध्यमों से पराली का प्रबंधन करने वाले किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। योजना को सिरे चढ़ाने के लिए अवशेषों को डीकम्पोज करने वाली किट का प्रत्येक गांव में वितरण किया जाएगा वहीं रैड व येलो जोन के गांवों में विशेष ध्यान दिया जाए। अवशेष प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार के यंत्रों की खरीद पर सबसिडी प्रदान की जाती है। अवशेष प्रबंधन के यंत्रों की खरीद पर एकल किसान को 50 प्रतिशत व कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से यंत्रों की खरीद पर 80 प्रतिशत या अधिकतम 12 लाख रुपये प्रति कस्टम हायरिंग सेंटर पर अनुदान दिया जाता है।



## न्यूज फ्लैश

### मारपीट करके छीनाझपटी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए वन** की टीम ने मारपीट करके छीनाझपटी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों जुनेद पुत्र आबास वासी मुंडो घडी जिला करनाल व रिंकू उर्फ भूरा पुत्र राधेश्याम वासी हरिसिंह पुरा जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर बरसत रोड घरौंडा से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर जल्दी पैसा कमाकर अमीर बनने व पैसो से अय्यासी करने के लालच में मिलकर उक्त वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने पूर्व नियोजित तरीके से शिकायतकर्ता व उसके साथी के साथ मारपीट की और उनके चाकू मारकर नगदी व मोबाइल फोन छीनकर मौका से फरार हो गए। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाईकिल, पांच हजार रुपए की नगदी व छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस वारदात के संबंध में शिकातयकर्ता प्रवीन वधवा वासी कलहेडी जिला करनाल ने 16 जून को थाना घरौंडा में एक शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि 16 जून को रात के समय जब वह गांव बरसत में अपनी स्वीट्स की दुकान बंद करके अपने कर्मचारी रवि वासी कलहेडी के साथ अपनी मोटरसाईकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहा था तो उसी समय रोयल गार्डन के पास बाईक सवार कुछ अज्ञात युवकों ने उनके साथ मारपीट की, चाकू मारा और उससे उसकी करीब 30 हजार रुपए की नगदी व रवि से उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में भादंसं की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों को आज अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छीनी गई बकाया नगदी, वारदात में इस्तेमाल चाकू व वारदात में इस्तेमाल मोटरसाईकिल बरामद की जाएगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# विधायक ने प्रीति व मंजू को किया सम्मानित

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने इंडस्ट्रीज एरिया स्थित हॉकी मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों को किया सम्मानित, जापान में आयोजित एशिया कप में दोनों ही खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने ओल्ड इंडस्ट्रीज एरिया स्थित महिला हॉकी मैदान में पहुंचकर महिला जूनियर हॉकी एशिया कप-2023 में विजयी परचम फहराने वाली सोनीपत की बेटी व हौनहार हॉकी खिलाड़ी प्रीति पांचाल व मंजू चौरसिया को सम्मानित किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने दोनों खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सोनीपतवासियों के लिए बड़े ही गर्व का क्षण है कि सोनीपत की दो बेटियों प्रीति पांचाल व मंजू चौरसिया ने अपनी प्रखर खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए जापान में आयोजित महिला जूनियर हॉकी एशिया कप में विजयी परचम लहराया है। प्रीति पांचाल ने मैच में कैप्टन की भूमिका निभाते हुए बेहद ही सूझ-बूझ के साथ पूरी टीम को एक साथ लेकर चलते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इसी तरह हौनहार खिलाड़ी मंजू चौरसिया ने शानदार खेलते हुए टीम को जीत दिलवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दोनों ही खिलाड़ियों को तराशने का काम अर्जुन अवार्डी



व हॉकी जगत में विश्व में सोनीपत का नाम रोशन करने वाली प्रीतम सिवाच ने किया है। दोनों ही खिलाड़ी करीब दस वर्ष की आयु में इस खेल मैदान में हॉकी खेलने लगी थी। प्रीतम सिवाच ने हॉकी के दम पर बेटियों को एक नई राह दिखाने का काम किया है। इस दिशा में चलते हुए बेटियों ने विश्व में सोनीपत का डंका बजाने का काम किया है। उन्होंने कामना है कि इसी तरह इस मैंदान से बेटियां सोनीपत का नाम रोशन करती रहे। इस दौरान कुलदीप सिवाच, मूर्ति देवी, प्रेम सिंह दहिया, नरेंद्र लोहट, भलेराम जांगडा, अरविंद, प्रवीन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## तय गति सीमा से अधिक गति में चलने वाले वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस के यातायात थाना की टीम द्वारा हाईवे पर गलत दिशा व तय गति सीमा से अधिक गति में चलने वाले वाहनों पर लगाम लगाने हेतु 22 जून को एक विशेष अभियान चलाया गया। यातायात व हाईवे थाना प्रबंधक निरीक्षक दर्शन सिंह की अध्यक्षता में टीम द्वारा गांव उचानी से लेकर करनाल.कुरुक्षेत्र सीमा पर समाना बहु के पास तक यह अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत यातायात थाना की टीम द्वारा गलत लाईन में चल रहे वाहनों को रोककर सही लेन में चलने के लिए जागरूक किया गया। वही टीम द्वारा तय गति सीमा से अधिक गति में चलने वाले वाहनों को रोककर वाहन चालकों व वाहन मालिकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया और तय गति सीमा से अधिक गति में वाहन चलाने पर होने वाले आर्थिक व शारीरिक नुकसान और संभावित जनहानि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा इस दौरान जानबूझकर यातायात नियमों के उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किए गए। यातायात नियमों की जानबूझकर अवहेलना करने वाले कुल 140 वाहनों के चालान किए गए।

## दिनेश के जन्मदिवस पर मनाया गया जश्न

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी के जन्मदिवस पर योग कक्षा फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में सभी शिक्षकों, सहशिक्षिकों और टीम के सदस्यों ने मिलकर धूमधाम से उनका जन्मदिन मनाया। जन्मदिन के अवसर पर उत्सव का सा दृश्य रहा और उत्सव की भांति ही बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।
गेहूं एवं जो अनुसंधान केंद्र के डायरेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह और उनके संस्थान के सदस्यों ने पहुंचकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्रीति गुलाटी भी मौजूद रही। सभी ने केक काटते हुए अपनी



शुभकनाएं दी। साधकों का उत्साह भी देखते ही बनता था। योग शिक्षकों नीलम बठला, निधि गुप्ता, वीना धीर, बरखा जिंदल, वीना सेठ, वीना गोयल, राधिका भाटिया, एसपी शर्मा, दिवेश भाटिया, नीरज गुप्ता, मंजू शर्मा, ईशा धवन, ईशा मुंगिया, सोनिया और पूनम खन्ना ने फूलों के गुलदस्ते से उनका स्वागत किया और अपने विचार सांझा किए। उनके निरंतरता और जुनून की तारीफ की कि आधुनिकता के इस युग में भी उन्होंने घर-घर तक योग को पहुंचाया है।
नीरज गुप्ता ने जन्म दिवस पर कार्ड दिनेश गुलाटी को भेंट किया। मिशन के सभी शिक्षकों में उन्हें जीवन की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें हर शिखर पर कामयाबी और सफलता मिले। वहां मौजूद सभी अतिथिगणों ने उन्हें जन्मदिन की जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी और उनके दीघार्यु होने की कामना की। दिनेश गुलाटी ने कहा कि उनका समाज को स्वस्थ करने का मिशन लगातार जारी है और वह अपनी टीम के साथ निरंतर इस दिशा में प्रयासरत हैं।

## मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** करनाल की सीआईए वन की टीम द्वारा मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों आशीष पुत्र जयभगवान व आकाश उर्फ गब्बर पुत्र पवन वासियान गांव ऊंचा समाना जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर आवर्धन नहर पुल मधुबन से गिरफ्तार किया गया।
पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी वारदात के समय नशे में थे। आरोपियों ने नशे ही हालत में और ज्यादा नशा करने के लिए



मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाईकिल व छीना गया एक मोबाइल बरामद किया गया। इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता विक्रम वासी कम्बोपुरा जिला करनाल ने थाना

## नवीन बंटी व कार्यकर्ताओं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी** का जीवन देश की एकता , अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित रहा। भारतीय जनसंघ की स्थापना के पीछे उनका यही उद्देश्य है । डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अच्छी सोच और राष्ट्रवादी विचारधारा सदैव ही देश के नागरिकों का मार्गदर्शन करती रहेगी। यह बात भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य नवीन बंटी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कही।

## डोडा पोस्त की तस्करी करते हुए एक आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाते हुए एक आरोपी को गाडी में डोडा पोस्त की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने बीती रात आरोपी संदीप उर्फ काली पुत्र बलविंद्र सिंह वासी मण्डवाल जिला कैथल को मण्डवाल से गांव खेडी सर्फली में डोडा पोस्त बेचने आने की विश्वसनीय सूचना पर खेडी सर्फली के बस अड्डा के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी की गाडी में से एक पोलोथीन में से दो किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया व आरोपी की गाडी नम्बर एचआर-10आर-9333 मार्का एसैन्ट को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।
पूछतछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह डोडा पोस्त का नशा करने का आदी है और सस्ते दाम पर डोडा पोस्त खरीदकर महंगे दाम पर बेचने का भी काम करता है। आरोपी ने बताया कि वह उपरोक्त डोडा पोस्त को कुछ दिन पहले ही राजस्थान.मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित एक जगह से एक व्यक्ति से सोलह सौ रूप्ये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदकर लाया था और आगे करीब चार हजार रूप्ये प्रति किलोग्राम के हिसाब से नशे के आदी लोगों को सप्लाई करना था। आरोपी को आज अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। दौराने रिमाण्ड आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और आरोपी जिस व्यक्ति से नशीला पदार्थ खरीदकर लाया थाए उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## डा .श्यामा प्रसाद ने मां भारती के लिए समर्पित किया समस्त जीवन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारतीय जनसंघ** के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश कुमार अरोड़ा, शक्ति केंद्र प्रमुख प्रधान सतीश कश्यप, सह प्रमुख नंदलाल, बूथ प्रमुख रविंद्र कश्यप, आकाश अरोड़ा सहित अन्य मौजूद लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली
पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला



मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिनका बहुत बड़ा योगदान भारत की एकता के लिए रहा है और उनका सपना था कि देश एक होकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि डा. मुखर्जी ने मां भारती की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। देश हित में उनके द्वारा अनेक कार्य किए गए, जिन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। हम सभी को उनके जीवन तथा कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देश हित होता है। कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरूआत मुखर्जी ने ही की थी। डाक्टर मुखर्जी देश के सच्चे सपूत थे।
डा.अशोक कुमार ने बताया कि डा. मुखर्जी ने अनेक कुरीतियों एवं शासन की ओर से चलाई जा रही गलत नीतियों का विरोध प्रखरता से किया। उन्होंने कहा था कि जम्मू कश्मीर भारतवर्ष का अभिन्न अंग है और भारतवर्ष में दो विधान, दो संविधान, दो प्रधान नहीं हो सकते और संपूर्ण भारतवर्ष में एक विधान, एक संविधान और एक प्रधान का नारा बुलंद करते हुए जम्मू कश्मीर को चल पड़े थे। इसी आंदोलन के दौरान संदिग्ध

## अमरपुर जोरासी की पंचायत भूमि और पक्के रास्ते से छुड़वाया

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
गांव अमरपुर जोरासी के वर्तमान सरपंच हरिराम उर्फ कल्लू द्वारा पंचायत की जमीन से अवैध कब्जा छुड़वाने का अभियान फिर से शुरू किया गया। पिछले दिनों करीब 110 एकड़ भूमि कब्जा मुक्त करवाई थी और कई जगह गांव में पंचायती भूमि की पैमाइश करवाकर निशानदेही कर दी गई थी। इसके बाद भी कुछ लोग पंचायत की जमीन से अवैध कब्जा नहीं छोड़ रहे थे। सरपंच हरिराम के अनुसार गांव की जोहड़ी के पास करीब ढाई एकड़ जमीन पर गांव के ही पतराम, रामअवतार व हंसराज आदि लोगों ने लकड़ी वगैरह डालकर और तार बाड़ करके इस जमीन और रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया था। जिसकी पेमाईश के बाद भी कब्जाधारी कब्जा ना छोडने पर आमादा थे।
गांव के सरपंच ने बताया कि पिछली पंचायत के कार्यकाल के दौरान इस जमीन पर पक्का रास्ता बनाया था। इसी जमीन से पेयजल की जीआई लाइन भी जा रही है। जिससे गांव में पानी की आपूर्ति होती है लेकिन करीब दो साल पहले प्रशासक के कार्यकाल के दौरान उक्त लोगों ने इस पंचायती भूमि पर कब्जा कर लिया था। पिछले दिनों से पेमाइश के दौरान निशानदेही भी कर ली गई थी लेकिन इन लोगों द्वारा पंचायत की जमीन और रास्ते से कब्जा नहीं छोड़ा जा रहा था।

## पवन शर्मा को फुलब्राइट स्कॉलर-इन-रेसिडेंस फेलोशिप के लिए किया गया नामित

### दुनिया भर के 30 देशों से विभिन्न विषयों में नामित 46 विद्वानों में जगह मिली, हकेवि के लिए एक और उपलब्धि , कुलपति ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा को प्रतिष्ठित फुलब्राइट स्कॉलर-इन-रेसिडेंस फेलोशिप के लिए नामित गया है। इस वर्ष, फुलब्राइट फॉरेन स्कॉलरशिप बोर्ड, वाशिंगटन डी.सी. ने फुलब्राइट स्कॉलर-इन-रेसिडेंस प्रोग्राम के तहत छह महाद्वीपों के 30 देशों के विविध विषयों में 46 विद्वानों को मंजूरी दी है। प्रो. पवन कुमार शर्मा हरियाणा के पहले विद्वान हैं जिन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रो. पवन शर्मा को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे युवा विश्वविद्यालय के लिए यह एक बड़ा सम्मान है कि विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ प्रोफेसर और एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित शोधकर्ता को इस प्रतिष्ठित फैलोशिप के लिए नामित किया गया है। यह न केवल हकेवि के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दृश्यता लाएगा, बल्कि यह हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के बीच दीर्घकालिक सहयोग के अवसर भी प्रदान करेगा। दुनिया भर के वैज्ञानिकों के साथ वैज्ञानिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान हकेवि में अनुसंधान और शिक्षण की नई संभावनाओं को बढ़ावा देगा जिसका हमारे विद्यार्थी व शोधार्थी आने वाले समय में लाभ उठा सकेंगे। इस फैलोशिप के अंतर्गत, प्रो. पवन कुमार शर्मा संयुक्त राज्य अमेरिका के वेस्लीयन विश्वविद्यालय में एक शैक्षणिक सत्र बिताएंगे। यहाँ बता दें कि प्रोफेसर पवन को इससे पहले यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा फुलब्राइट-नेहरू इंटरनेशनल एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेटर अवार्ड 2019, इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन द्वारा श्रीनिवास रामानुजन जन्म शताब्दी स्वर्ण पदक 2018, राष्ट्रीय पुरस्कार 2012 सहित अन्य कई अवाड्र्स से सम्मानित किया जा चुका है।

## संपादकीय

# गीता प्रेस पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण

**विश्व** में आध्यात्मिक चेतना जगाने के लिए अग्रणी तथा सनातन संदेशों की प्रचारक प्रकाशक संस्था है गीता प्रेस। गोरखपुर का यह प्रकाशन अपने स्वर्णिम इतिहास के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। बीते 100 वर्षों में अनगिनत आर्थिक कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद गीता प्रेस द्वारा लागत से कम मूल्य पर गीता रामायण तथा अनेक ग्रंथों पुस्तकों को करोड़ों की संख्या में प्रकाशित कर घर-घर पहुंचाने का श्रम साध्य कार्य किया है। भारतीय संस्कृति की रक्षा का संकल्प लेकर सन्मार्ग पर चलते हुए जो संस्था जनमानस के कल्याण की भावना से निर्विवाद रूप से अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण कर रही हो, उस पर राजनीति करना या उस पर लांछन लगाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह एक प्रकार से विरोधियों की कुमति की परिणति ही कही जाएगी। गीता प्रेस की स्थापना अप्रैल 1923 में हुई थी। 15 भाषाओं में अब तक 73 करोड़ से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। 15 करोड़ से अधिक गीता और साढे.ग्यारह करोड़ से अधिक रामचरितमानस का प्रकाशन इसमें शामिल है। हर्ष का विषय यह है कि प्रेस की ओर से जल्दी ही 100 करोड़ का कीर्तिमान बनाने का लक्ष्य है। स्थापना के समय वर्ष 1923 में पहली हाथ मुद्रण मशीन 600 रुपये में खरीदी गई। वर्ष 1926 से मासिक कल्याण का प्रकाशन शुरू हुआ। यह सत्य है कि हिंदी के विकास में और साहित्यिक और सांस्कृतिक जन जागरण के क्षेत्र में गीता प्रेस का अद्वितीय योगदान है। प्रेस की गीता और रामायण भारत सहित कई देशों के करोड़ों घरों में है। यह साहित्य मात्र पुस्तकें नहीं है। साधकों और भक्तों के लिए यह ग्रंथ देवतुल्य है। पढ़ने से पहले और बाद में वे इसे श्रद्धापूर्वक मस्तक पर लगाते हैं। इनसे करोड़ों हिंदुओं की आस्था जुड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गांधी शांति पुरस्कार 2021 गीता प्रेस गोरखपुर को देने का निर्णय लिया गया। इसकी घोषणा केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा की गई है । घोषणा के बाद कांग्रेस के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश का ट्वीट आता है। इसमें वे इस निर्णय का विरोध करते हैं। वे गीता प्रेस की तुलना गोडसे और वीर सावरकर से करते हुए इस निर्णय का उपहास करते हैं। इससे उनकी ओछी मानसिकता और सतही समझ प्रमाणित होती है। कुछ नेताओं ने शायद सस्ती लोकप्रियता के लिए हर अच्छे कार्यों का विरोध करना अपनी आदत में शुमार कर लिया लगता है। इससे भी बड़े आश्चर्य की बात यह है कि जयराम रमेश के ट्वीट का कांग्रेस ने न खंडन किया है और न समर्थन। यानी कि वह असमंजस में है। यदि वह समर्थन करती है तो करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं की नाराजगी उसे झेलना पड़ सकती है और यदि खंडन करती है तो तुष्टीकरण की भावना को ठेस पहुंचाती है। ऐसे में वह दो नाव पर सवार होकर नहीं चल सकती है। उसे निर्णय करना होगा कि वह जनमानस की भावनाओं के साथ है या विरोधी मानसिकता की पैरोकार। कांग्रेस को यह स्मरण होना चाहिए कि गीता प्रेस के उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 1992 में हनुमान प्रसाद पोद्दार पर डाक टिकट जारी किया गया था। तब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। वर्ष 1936 में गोरखपुर में बाढ़ आई थी, तब पंडित नेहरू को वाहन की आवश्यकता थी।

# आतंकियों की खातिर चीन का वीटो पावर

–डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> चीन ने सुरक्षा परिषद में जैश-ए-मुहम्मद आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को भी सालों तक बचाया था, उसकी पैरोकारी की थी, लेकिन उसे वैश्विक आतंकी घोषित करने से चीन, अंततरू, बचा नहीं सका। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों-अमरीका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन-को ही वीटो पॉवर हासिल है। जिस मकसद से यह विशेष शक्ति दी गई थी, आज उसका ह्रास हो चुका है। विश्व-व्यवस्था भी बदल चुकी है, लिहाजा बार-बार यह मांग दोहराई जाती है कि संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था में सुधार किया जाए और भारत, जापान, जर्मनी सरीखे ताकतवर, विवेकशील देशों को भी स्थायी सदस्य बनाकर वीटो का विशेषाधिकार दिया जाए। हालांकि भारत ने 26/11 आतंकी हमले से जुड़ा एक ऑडियो सुनाकर सुरक्षा परिषद में चीन और पाकिस्तान को बेनकाब किया है

**भारत** के खिलाफ पाकिस्तान की आतंकी साजिशों का चीन खूब साथ दे रहा है। हर बार विश्व के सामने पाकिस्तान को बचाने के लिए चीन सामने आ खड़ा होता है। बीते दिनों चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक बार फिर वीटो पॉवर का दुरुपयोग किया है। इसके बाद अब भारत ने दुनिया के सामने सबूतों के साथ चीन को धो डाला है। अब तो चीन आदी हो गया है कि जब भी पाकिस्तान के किसी आतंकवादी को वैश्विक आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव आता है, तो चीन वीटो के जरिए उसे ब्लॉक करवा देता है।

ताजा मामला 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टर माइंड साजिद मीर का है, जिसे वैश्विक आतंकी की सूची में डालने का प्रस्ताव भारत और अमरीका का था। चीन ने लश्कर आतंकवादी साजिद मीर को लेकर भी चीन ने पाकिस्तान से यारी निभाई और उसे वैश्विक आतंकवादी; घोषित किए जाने के काम में अड़ंगा डाल दिया। अमरीका ने तो उस पर 41 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित किया था। प्रस्ताव बीते साल सितंबर में रखा गया था, लेकिन चीन ने तकनीकी आधार पर उसे रुकवा दिया था। इस पर लगातार विचार किया गया और अब बीती 20 जून को सुरक्षा परिषद में यही प्रस्ताव दोबारा पेश किया गया था। चीन ने अपने विशेषाधिकार का फिर दुरुपयोग किया। संयुक्त राष्ट्र में आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव पर चीन की तरफ से रोक लगाने पर भारत सरकार ने प्रतिक्रिया दी। आतंकवाद-निरोध पर उच्चस्तरीय संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सम्मेलन में भारत ने साजिद मीर द्वारा साथी आतंकवादियों को ताज होटल के अंदर विदेशियों का शिकार करने और उन्हें अंधाधुंध तरीके से मारने का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग चलाया और चीन पर निशाना साधा। विदेश मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रकाश गुप्ता ने यूएन में कहा कि मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड साजिद मीर को भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य देशों के राष्ट्रीय कानूनों के तहत एक प्रतिबंधित आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। लेकिन जब साजिद मीर को सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव को सहमति नहीं मिली। इससे हमारे पास यह मानने के उचित कारण हैं कि वैश्विक आतंकवाद विरोधी ऑर्किटेक्चर में कुछ गलत है। भारत ने साजिद मीर का



ऑडियोटेप चलाकर 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की भूमिका का विस्तार से खुलासा किया था। ऑडियो क्लिप में वह मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले के दौरान चाबाड हाउस पर हमले का निर्देश देते हुए सुनाई दे रहा है। ऑडियो क्लिप में वह मुंबई में 26641 के आतंकी हमले के दौरान चाबाड हाउस पर हमले का निर्देश देते हुए सुनाई दे रहा है। साजिद मीर भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक है। वह मुंबई में 2008 के आतंकवादी हमलों में शामिल था। बीते दिनों भारत और अमेरिका ने मिलकर 26/11 के आरोपी लश्कर आतंकवादी साजिद मीर को श्वैश्विक आतंकवादीश के रूप में नामित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव दिया था, जिसे चीन ने रोक दिया। हालांकि पहले भी चीन कई बार भारत के प्रस्तावों पर अड़ंगा डाल चुका है। मुंबई में 26/11 साल 2008 में हुए आतंकवादी हमले में करीब 159 लोग मारे गए थे और 300 से अधिक घायल हुए थे। पाकिस्तानी आतंकवादी साजिद मीर इस आतंकवादी हमले के अहम साजिशकताओं में से था, लेकिन हमेशा आतंकवादियों की पैरवी करने वाले चीन ने उसे अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी नहीं घोषित होने दिया। ऐसा पहली बार नहीं है, जब चीन आतंकवादियों के साथ खड़ा नजर आया हो। इससे पहले भी हाल ही में मुंबई हमले से ही जुड़े दो अन्य आतंकवादियों को भी ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किए जाने के प्रस्ताव को चीन ने रोक दिया था। इससे पहले भी कई आतंकवादियों को ब्लैक लिस्टेड करने के हिंदुस्तान और अमेरिका के संयुक्त प्रस्ताव को भी चीन वीटो पॉवर लगाकर खारिज कर चुका है। चीन हमेशा अपने दोस्त और पाकिस्तानी आतंकवादियों का साथ देता रहा है। एक तरह से चीन ही पाकिस्तानी आतंकवादियों को फलने-फूलने के लिए पोषक बना हुआ है. इस बार चीन ने रऊफ के विरूद्ध लाए गए हिंदुस्तान के प्रस्ताव का विरोध किया था। साथ ही वीटो पॉवर से प्रस्ताव को खारिज कर दिया था. बता दें कि अब्दुल रऊफ अजहर जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर का भाई है, जो कि हिंदुस्तान में कई आतंकवादी हमले और षड्यंत्र रचने का मुख्य सूत्रधार रहा है। चीन ऐसा कर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर रहा, लेकिन अपनी विशेष शक्ति का नाजायज लोहा मनवाना चाहता है। बेशक पाकिस्तान चीन का बंधक-सा देश है। पाकिस्तान पर चीन का कर्ज और दूसरी कृपाओं के बोझ इतने हैं कि वह बोल नहीं सकता। चीन ने सुरक्षा परिषद में जैश-ए-मुहम्मद आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को भी सालों तक बचाया था, उसकी पैरोकारी की थी, लेकिन उसे वैश्विक आतंकी घोषित करने से चीन, अंततरू, बचा नहीं सका। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सिर्फ पांच देशों-अमरीका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन-को ही वीटो पॉवर हासिल है। जिस मकसद से यह विशेष शक्ति दी गई थी, आज उसका ह्रास हो चुका है। विश्व-व्यवस्था भी बदल चुकी है, लिहाजा बार-बार यह मांग दोहराई जाती है कि संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था में सुधार किया जाए और भारत, जापान, जर्मनी सरीखे ताकतवर, विवेकशील देशों को भी स्थायी सदस्य बनाकर वीटो का विशेषाधिकार दिया जाए। हालांकि भारत ने 26/11 आतंकी हमले से जुड़ा एक ऑडियो सुनाकर सुरक्षा परिषद में चीन और पाकिस्तान को बेनकाब किया है। ऑडियो में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी मुंबई में घुसे आतंकियों को निर्देश दे रहा था कि आसपास कोई भी हलचल दिखे, उन्हें तुरंत गोली मार दो। इसके अलावा, पाकिस्तानी-अमरीकी आतंकी डेविड हेडली को अमरीकी एजेंसी एफबीआई ने 2008 में शिकागो से पकड़ा था। उसने 2011 में अमरीकी अदालत में और 2016 में मुंबई की अदालत में गवाही देकर खुलासा किया था कि साजिद मीर और मेजर इकबाल, जिसे उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का अफसर बताया था, 26/11 हमले के मुख्य साजिशकारों में शामिल थे। मीर एफबीआई की मोस्ट वांटेड टेररिस्ट सूची में भी था। सुरक्षा परिषद के सामने ये तमाम सूचनाएं और साक्ष्य रखे गए हैं। उसके बावजूद चीन वीटो का दुरुपयोग कर प्रस्ताव को ब्लॉक कराता रहा है। यह संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था पर सवाल है। वीटो को नई विश्व-व्यवस्था में, नए सिरे से, परिभाषित किया जाना चाहिए। चीन उसमें भी रोड़े अटका सकता है, लेकिन अमरीका, फ्रांस, ब्रिटेन की बहुमती वीटो ताकत संशोधन के पक्ष में आ सकती है। जो देश पाकिस्तान की तरह आतंकियों का कवच बनकर रहे, तो उसे आतंकिस्तान ही कहना चाहिए। कूटनीति क्या कहती है, वह सब बेमानी है। जब चीन वीटो के जरिए आतंकियों को बचा रहा है, तो उसका माकूल जवाब दिया जाना चाहिए। चीन अपनी छवि को लेकर बाध्य हुआ था और 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद, मसूद अजहर के मामले में, उसे वीटो वापस लेनी पड़ी थी। अब साजिद मीर का मामला चीन ने तब ब्लॉक किया है। चीन 2006 से पाकपरस्त आतंकियों की खातिर वीटो पॉवर का दुरुपयोग करता आ रहा है। चीन अपने भारत विरोधी रवैये का तब तक परित्याग नहीं करने वाला जब तक उसे उसी की भाषा में जवाब नहीं दिया जाता। चूंकि चीन संबंध सुधारने और जिम्मेदार राष्ट्र की तरह व्यवहार करने से इन्कार कर रहा है इसलिए भारत को उसकी कमजोर नस दबाने में अपनी हिचक तोड़नी ही होगी। भारत को अब यह कहने में देर नहीं करनी चाहिए कि वह वर्तमान परिस्थितियों में वन चाइना नीति का समर्थन करने में असमर्थ है।

## कविता

ज्ञान है तो शान है
ज्ञान बढ़ाओ
देश का गौरव
और आन बान शान
जोर शोर से बढ़ाओ।
ज्ञान है तो विज्ञान है
विज्ञान है तो ब्रह्मांड है
और ब्रह्मांड है
तो सत्य है
सत्य के आगे
मिथ्या, अंधविश्वास
आडंबर कट्टरपंथ
सब निरर्थक है।
जब ज्ञान और विज्ञान
का प्रभाव आधा है
तब ही अंधविश्वास,
कट्टरपंथ, संप्रदायवाद,
देश के विकास के
लिए,
उन्नति के लिए
सबसे बड़ी बाधा है।
मेरे देशवासियों
ज्ञान विज्ञान को बढ़ाओ
शिक्षा को जगाओ
अंधविश्वास को
कट्टरता को
इस देश की धरती से
कोसों दूर भगाओ।

संजीव ठाकुर

# कुर्सी अवसरवादिता ही महाधर्म

**रामविलास जांगिड़**

**कुर्सी** किंग के वचनों की सर्वत्र व्याख्या हो रही है। कुर्सी किंग सियासत बाज आचार्य महामंत्री जी का कहना है कि कुर्सी शास्त्र के अलावा अन्य सभी शास्त्र बेकार होते हैं। चमचों का उपकारक तथा समाज की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने वाला कुर्सी शास्त्री ही सर्वाधिक महान होता है। कुर्सीधिपति को अधर्म, अन्याय, अत्याचार, अनाचरण मात्र में ही मोक्ष दायक बताया गया है। अपने कुर्सी शास्त्र के विषय में बोध कराते हुए स्वयं आचार्य महामंत्री कुर्सी किंग श्रीजी का कहना है कि उनकी अनीति के समान कोई दूसरी अनीति तीनों लोकों में नहीं होनी चाहिए। अतः समस्त कुसीकांक्षी जीवों को इसका सांगोपांग अध्यापन-अध्ययन करना चाहिए। कुर्सी शास्त्र का ज्ञान जरूरी बताते हुए कहते हैं कि चमचों का पालन और जनता का दमन ये दोनों राजाओं उर्फ लोकराज के नेताओं के लिए परम धर्म है। ये दोनों ही अनीतियां बिना कुर्सी ज्ञान के प्राप्त नहीं हो सकती। अनीति रहित होना ही मंत्री के लिए महान धर्म होता है। जिस नेता के पास अधर्म, अन्याय और मौका परस्ती जैसा पवित्र गठबंधन होता है उसके पास सभी ओर से महामंत्री पद का बुलावा आता है। दलबदल संहिता व गठबंधन ठगबंधन अवसरवादिता ही महाधर्म है। इसे हर नेता को प्राण-प्रण से अपनाना चाहिए। जो मंत्री व नेता अधर्म में निरत, चमचों का पालक, मौका परस्ती गठबंधन शास्त्री, कौवे के समान बकरबाज, इंद्रिय विषयों के अभिमुख होते हुए कुसीर्वान होता है वही नेता अंत में कुसीमोक्ष की प्राप्ति करता है। कुर्सी किंग महामंत्री कहते हैं कि नेता मंत्री के लिए दंभी, पाखंडी व धूर्तराज जैसे गुणवान होना परम आवश्यक है। अनीति का मूल ही दंभ और पाखंड है। चमचों में निश्चय, आस्था एवं विश्वास होने का मूल ही दंभ में व्याप्त है। चमचों के बल पर पाखंड की प्रतिष्ठा होती है। अतः चमचों को यथोचित न्यास, निगम, परिषद, अकादमी, संस्थान, बोर्ड, मंडल आदि की लुढ़कती कुर्सी पर लुढ़काते रहना चाहिए। उपचमचों को भी किसी न किसी मंडल-बंडल, कमेटी-फमेटी में सैट करना चाहिए। दंभ और पाखंड का मूल शत्रुओं पर विजय प्राप्त कराता है। गठबंधन, ठगबंधन, लट्ठबंधन, वादे, संकल्प, पाखंड व सौगंध - ये सातों चंचल है। ये स्थिर रहने वाले नहीं है। अतः यह जानकर सभी विशेषकर नेता-मंत्री को अधर्म परायण रहना ही चाहिए। सुख का उपयोग-उपभोग हरदम अकेले ही करें। हरदम विदेश यात्रा में अपने आप को संलग्न करते रहें। इधर-उधर से पार्टी बाजी के लिए जुटाए गए फंड को अपने लिए उपयोग में ले लें। ऐसे धन को विदेशी बैंकों में जमा कराते रहना चाहिए। वक्त-बेवक्त झूठे वादे व जुमलों की बौछार करें। गठबंधन जोड़े, तोड़ें, मोड़ें और फोड़ें । मौकापरस्ती महाठगबंधन करें। तब कुसीर्जीवी समस्त सुखों का स्वामी बनकर दिक-दिगंतर में मंत्री बनकर कुर्सीपति ही बने रहेगा। वह सृष्टि के हर भोग का आदि-अनंत स्वामी ही रहेगा। कुर्सी किंग आचार्य महामंत्री का यह कुर्सी बोध हर एक कुसीकांक्षी के लिए अमृत कोष है। हर एक नेता-मंत्री के लिए ये अमृत वचन प्रतिदिन पारायण योग्य है।

## समीक्षा

# मैं जहाजी हूं समंदर मेरी पाठशाला है

प्रभुनाथ शुक्ल

सात समंदर पार सिंगापुर में हिंदी की अलख जगा रहे विनोद दुबे का हालिया प्रकाशित कविता संग्रह जहाजी बेहद चर्चित हो रहा है। लोगों यानी पाठकों को खूब पसंद आ रहा है। कविता संग्रह जहाजी में कुल 52 कविताएं संकलित हैं। सभी कविताएं जीवन के 52 आयामों को करीने और संजीदगी से जीती हैं। सहज, सरल और बोधगम्य भाषा में लिखी गई रचनाएं लोगों के मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डालती हैं। जहाजी में जीवन की विविध रंग और रूप कविताओं के माध्यम से जीवंत हैं। यह आम आदमी का जीवन संघर्ष है। बदलते दौर में आदमी का जीवन बाजारवाद की भेंट चढ़ गया है। कविताओं यह पीड़ा साफ झलकती है। विनोद दुबे मूलतः उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले हैं। लेकिन सिंगापुर में एक शिपिंग कंपनी में कार्यरत है। वे युवा हैं लिहाजा उनकी कविताओं में एक युवा की संवेदना और पीड़ा कविताओं में दिखती है। उनकी कविताएं आम बोलचाल की भाषा में लिखी गई है। अपने बारे में वे स्वयं लिखते हैं मैं जहाजी हूं / समंदर मेरी पाठशाला है / मैं सूरज को समुंदर से निकलते / रोज उसी में ढलते देखता हूँ। यह चंद लाइनें उनकी पूरी सोच को दशार्ती हैं।

विनोद की रचनाओं में समंदर और इंसान के जीवन का संघर्ष साफ दिखता है। काव्य संग्रह जहाजी की रचनाएं छह खंडों में विभाजित हैं।

इस तरह कुल 52 कविताएं संकलित की गई हैं। इन्होंने एक उपन्यास इंडियापा भी लिखा है। सिंगापुर में रहकर वह हिंदी के प्रचार प्रसार में अच्छी खासी भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय उच्चायोग की तरफ से उन्हें हाईली इंरिचेड पर्सनैलिटी सम्मान से सम्मानित किया गया है। साहित्यिक संस्था विश्वरंग की तरफ से प्रवासी साहित्यकार सम्मान भी मिला है इतनी व्यस्तताओं बाद भी जब दिल को कोई बात प्रभावित करती है तो कविता निकल उठती है और जहाज में ही कविता लिखने बैठ जाते हैं।

कारपोरेट जगत की विसंगतियों को उन्होंने छूने का प्रयास किया है। कारपोरेट पिंजरा नामक शीर्षक से उन्होंने लिखा है हमें कुछ और करना था/ कुछ और ही कर रहे हैं हम/ जितना जी रहे हैं हम/ उससे ज्यादा मर रहे हैं हम। अपनी पेशागत विडंबनाओं को उन्होंने दर्दे-ए -जहाजी नामक शीर्षक से कुछ यूं बयां किया है। हम जहाजी हैं हमारा काम / लोग क्या खाक समझ पाएंगे / जमीन वाले सिर्फ अपनी समझ से / सिर्फ अंदाजा ही लगाएंगे। मां के चले जाने के बाद पिता के अकेलेपन को उन्होंने बखूबी उकेरा है। मां मर गई तो पिता क्या हो गए / जैसे दो में से एक नहीं / सिर्फ शून्य शेष रह गया। भाई बहन के प्यार रक्षाबंधन के त्यौहार पर उनकी पीड़ा देखिए। हम बहनों के पास / नहीं था कोई सगा भाई/ राखी होती थी मेरे पास / पर मिलती नहीं थी कलाई। प्रेम के भाव को प्रदर्शित करती है रचना बेहद सुंदर है। देह किसी और का / किसी और का मन/ कई औरतें जीती रहती हैं / मीरा जैसा जीवन। मित्रता को प्रदर्शित करने वाली पंक्तियां बेहद प्रभावित करती है। दोस्ती के खातिर कर्ण की तरह / किसी भी अर्जुन से भीड़ जाते हैं / दुर्योधन सही था या गलत / यह सब बाद में बतियाते हैं।

विनोद दुबे ने जहाजी कविता संग्रह में जीवन के हर पहलुओं को जीने की कोशिश की है। स्वदेश से लेकर विदेश तक जिस मुद्दे ने उन्हें छुआ उसी पर उनकी कलम उठ गई। त्योहारों पर उन्होंने बेहतर लिखा है। रामनवमी शीर्षक से अपनी कविता में उन्होंने लिखा है। दशहरा दिवाली रामलीला / बस कुछ दिनों का इत्र है / ता उम्र महकने दो भीतर / यह जो राम का चरित्र है। विदेश की धरती भले ही सुख-सुविधाओं से भरी हो लेकिन अपने वतन की मिट्टी हमेशा महकती है। दिवाली पर घर न पहुंचने की पीड़ा को दशार्ती है यह रचना। इस बार कैसे भी मन मार लेते हैं / पर अगले साल नहीं रोक पाएंगे/ वक्त और नसीब जरा साथ जो दे / तो अगली दिवाली घर पर मनाएंगे। सावन शीर्षक से उन्होंने बचपन की यादों को कुछ इस तरह पिरोया है। कागज में उम्मीद मिलाकर / हम नाव बनाया करते थे/ आंगन के पानी में वह सारे / ख्वाब आया करते थे। विनोद दुबे की सभी कविताएं पठनीय हैं और दिल को छूती है। निश्चित रूप से जहाजी उनका पहला कविता संग्रह है।

लेकिन पाठक को बेहद प्रभावित करता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्या असभ्य और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग जरुरी है?

**शब्द** ब्रह्म है, अर्थात रचयिता है - संस्कार, संस्कृति, चिन्तन और व्यवहार का। जिह्वा से निकाला हुआ शब्द उस तीर के समान है जो छोड़ा तो जा सकता है किन्तु तुणीर में वापिस नहीं जा सकता। शब्द भाषा का निर्माण करते हैं। भाषा अच्छी भी हो सकती है और बुरी भी । मेरी दृष्टि में सभ्य और अच्छी भाषा वह है जो कर्ण प्रिय हो, बोलने वाले के प्रति आदर और सम्मान का भाव जगाती हो, जिसे बार बार सुनना अच्छा लगता हो, प्रयोग में लाने की इच्छा होती हो। इसके विपरीत बुरी और असभ्य भाषा वह है जो बोलने वाले के प्रति घृणा के भाव जगाती है जिसे सुनना अच्छा नहीं लगता, प्रयोग तो दूर की बात है। साहित्य में भी उसी साहित्य को अच्छा कहा जाता है जिसमें भाषा का माधुर्य हो ,शालीनता हो, व्याकरण की दृष्टि से शुद्धता हो। बोलचाल की भाषा में भी इन्हीं गुणों को महत्वपूर्ण माना जाता है। समाज में व्यक्ति की पहचान का भी यह एक पैमाना है।

अच्छी भाषा वाला व्यक्ति चाहे मंत्री हो या संत्री ,नेता हो या अभिनेता,राजा हो या प्रजा, अधिकारी हो या कर्मचारी, धर्मगुरु हो या चेला, कथावाचक हो कथा सुनने वाला,लेखक हो या पाठक सभी समाज में अपना विशिष्ट नाम और पहचान रखते हैं, सदैव आकर्षण का केन्द्र होते हैं।

जनता उन्हें बार-बार सुनना पसंद करती है। भारत में ऐसे लोगों की सूची बहुत बड़ी है। भारत की राजनीति में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई, लोहिया, जार्ज फर्नांडिस, सुषमा स्वराज, लालकृष्ण आडवाणी, नरेंद्र मोदी आदि ने अपनी वाणी से सभी को प्रभावित किया है, कबीर, तुलसीदास, सूरदास, जयशंकर प्रसाद,निराला,पंत आदि कवियों के साहित्य को बार बार पढ़ने की इच्छा होती है। इसी तरह धर्म गुरूओं में महामंडलेश्वर सत्यमित्रानंद जी, अवधेशानंद जी, श्री श्री रविशंकर जी, आचार्य श्री राम शर्मा आदि ने अपनी वाणी भाषा और ज्ञान से बहुत बड़ी आबादी को अपना अनुयायी बनाया है , सभी उन्हें बार बार सुनने की इच्छा रखते हैं। ऐसा माना जाता है कि समय के साथ भाषा का भी विकास होता है, शब्दों के अर्थ बदलते हैं -कभी श्रेष्ठ और कभी निम्न अर्थ पा जाते हैं।

# सिविल सेवाएँ राज्य और समाज के बीच संपर्क पुल

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**नीति** निर्माण और नीति कार्यान्वयन के क्षेत्र में सिविल सेवकों की भूमिका विकास प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण है। वे प्रमुख नीति क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता करते हैं जैसे प्रमुख नीति प्रस्ताव तैयार करना, तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता वाली सामाजिक समस्याओं के विभिन्न विकल्पों और समाधानों का विश्लेषण करना, प्रमुख नीतियों को उप-नीतियों में विभाजित करना, कार्रवाई के कार्यक्रम का निर्धारण करना और मौजूदा नीति के आधार पर संशोधन का सुझाव देना। वे मुख्य मुद्दों की पहचान करने के लिए प्रासंगिक डेटा और जानकारी के संग्रह में संलग्न हैं। आवश्यक जानकारी का प्रकार, एकत्र की गई जानकारी में सार की सीमा और जानकारी को आत्मसात करना सिविल सेवकों का कार्य है। फिर वे नीति प्रस्तावों को प्रमाणित करने के लिए प्रासंगिक डेटा प्रदान करने के मामले में सरकार की सहायता करते हैं। अपनी विशाल प्रशासनिक विशेषज्ञता और सिविल सेवाओं की क्षमता के कारण, वे देश के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं और मुद्दों से अवगत हैं।

उनके द्वारा अर्जित ज्ञान और अनुभव को सरकार के 'थिंक-टैंक' की भूमिका निभाते हुए उपयोग में लाया जाता है। सिविल सेवक समस्याओं की प्रकृति और उन्हें उच्च स्तर पर विचार के लिए उठाने की आवश्यकता का सुझाव देकर नीतिगत मुद्दों की पहचान करने में राजनीतिक कार्यपालिका की सहायता करते हैं। सिविल सेवा नीति निर्माण के लिए उठाए गए मुद्दे की जांच करने में संलग्न है, यह इसकी व्यवहार्यता, भविष्य की संभावनाओं, उपलब्ध संसाधनों, स्वीकार्यता आदि को ध्यान में रखते हुए नीति प्रस्तावों को तैयार और पुनः तैयार करती है। संविधान के प्रावधानों, संसद द्वारा बनाए गए कानूनों और अन्य मौजूदा नियमों और विनियमों के संबंध में नीति प्रस्तावों का विश्लेषण करना भी सिविल सेवाओं की जिम्मेदारी है। इस प्रकार सिविल सेवाएँ ठोस एवं प्रभावी नीतियाँ बनाने में सहायता करती हैं। सिविल सेवक सरकार के कानूनों और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं। यह कानूनों को लागू करके समाज में लोगों के व्यवहार को नियंत्रित करता है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र समर्पित था: जैन



२टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत
**हरियाणा की** पूर्व मंत्री डॉ0 कविता जैन ने जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। उनके कैंप कार्यालय में बूथ नंबर.55 पर डॉ0 मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे डॉ0 श्यामा प्रसाद के राष्ट्रभक्ति के संदेश को जीवन में आत्मसात करके नव.निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करें।

पूर्व मंत्री डॉ0 कविता जैन ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र समर्पित था, जिन्होंने अंतिम सांस तक देश की एकता व अखंडता की मजबूती के लिए प्रयास किये। डॉ0 मुखर्जी तुष्टिकरण के खिलाफ थे, जिसके लिए उन्होंने पुरजोर आवाज बुलंद की। इस कारण उन्हें विरोध भी झेलना पड़ा किंतु वे पीछे नहीं हटे। क्योंकि वे देश को समर्पित थे। देश की एकता व अखंडता को बनाये रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहे। उनके लिए देश से बढकर कुछ नहीं था। यही संदेश उन्होंने सभी देशवासियों को दिया जो आज भी प्रासंगिक है।

पूर्व मंत्री डॉ0 कविता जैन ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए भी अनुकरणीय योगदान दिया। राजनीति में भी वे लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता

**8 डॉ0 मुखर्जी तुष्टिकरण के खिलाफ थे, जिसके लिए उन्होंने पुरजोर आवाज बुलंद की। इस कारण उन्हें विरोध भी झेलना पड़ा**

दिए जाने के पक्षधर रहे। उन्होंने कहा कि देश की एकता व अखंडता के लिए डॉ0 मुखर्जी का बलिदान हम सबके लिए प्रेरणादायक है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। विशेष रूप से आज की नई पीढ़ी को उनके विचारों व संदेश से अवगत करवाना चाहिए ताकि उनमें देशप्रेम का जज्बा पैदा हो। किसी भी नागरिक के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि होना चाहिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने उपस्थित जनसमूह को देशभक्ति के जज्बे के साथ राष्ट्र के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा किसी भी रूप में की जा सकती है। इसके लिए जरूरी नहीं कि कोई बड़ा कार्य ही किया जाए। छोटे.छोटे कार्यों के माध्यम से भी राष्ट्र की सेवा में योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जल संरक्षण, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान देकर हम राष्ट्र सेवा कर सकते हैं। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया और डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें, भारत माता की जय के नारे भी लगाये। इस अवसर पर दिव्यांक जैन, पुरषोतम शर्मा, सुरजीत दहिया, मनोज धानिया, वेद सिंह सैनी, वेद कालुपुर, अनिल ग्रोवर, कुलदीप सैनी, जसबीर मलिक, नरेन्द्र योगी, मंजू सैनी, चंचल अरोड़ा, पवन गुप्ता, नीरज खापरा, प्रवेष आंतिल, आषीष जिंदल आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमरनाथ के लिए अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल,कुरुक्षेत्र का जत्था रवाना

## जत्थे में शामिल सदस्यों ने श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर, ब्रह्मसरोवर में की पूजा, शहर में निकाली शोभायात्रा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में शुक्रवार सुबह बाबा अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहला भंडारा सेवा जत्था रवाना किया गया। प्रधान राजकुमार एवं शशि भूषण गाबा ने बताया कि ब्रह्मसरोवर स्थित श्री दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में संरक्षक श्री प्रेम कुमार शर्मा द्वारा पूजा करवाई गई ,पूजा करने के पश्चात भंडारा जत्था वाहनों के काफिले के साथ रामबण के लिए रवाना हुआ। पूजा मंदिर के पुजारी संरक्षक प्रेम कुमार शर्मा ने विधिवत रूप से करवाई। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी डॉ हिमांशु ने बताया कि भाजपा सरकार आने के बाद यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त हुई है, इस सरकार ने तली हुई वस्तुओं को बंद करके सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बताया कि ये संस्था 2016 से इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रही है व श्रद्धालुओं की सेवा कर रही है। पूजा अर्चना के बाद शहर के सभी बाजारों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बर्फ के बने हुए शिवलिंग आकर्षण के केंद्र रहे। शोभायात्रा में शिव पार्वती,वीर हनुमान की झांकियां भी दिखाई गई। शोभायात्रा का विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा बिरला मंदिर से होते हुए बाजार, पालिका बाजार, छोटा बाजार, अंबेडकर चौक,सेक्टर 17, रेलवे रोड, सुभाष मंडी, गामडी रोड, नई अनाज मंडी, सलारपुर रोड, कंडा चौक, मोहन नगर, सेक्टर 13, 7, 5, 2 से होते हुए पिपली के रास्ते अमरनाथ के लिए रवाना हुई।जहां पर 25 जून से भंडारा प्रारम्भ होगा। प्रधान राजकुमार ने बताया कि मंडल के सदस्यों व श्रद्धालुओं में भी अमरनाथ धाम जाने के लिए विशेष उत्साह है। कुरुक्षेत्र से 4 ट्रक राशन सामग्री के रवाना किए गए जिसमें चावल, सूखा दूध, दाल, घी, चीनी, आटा, मैदा, सूजी एवं अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। इसके अलावा एक ट्रक में अलग से रोड का सामान जिसमें टेंट, कंबल, गद्दे व अन्य जरूरी सामान शामिल है। शहरवासियों ने दिल खोलकर अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल को सहयोग दिया है इसके लिए मंडल के सभी सदस्य आभारी है। इस मौके पर बफार्नी सेवा मंडल के सदस्यों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य तौर पर डॉ हिमांशु शर्मा, विजय शर्मा,रोहन शर्मा के महेंद्र चाबड़ा, हरिकिशन, बंटी खुंगर, सुनील गर्ग,विजय सिंगला, भीम मित्तल, नमन, पाली गोयल पटियाला, सुभाष गर्ग कैथल, कुलवंत, कुलदीप, सुमित सिंगला उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बाबा रामदेव के नक्शे कदम पर धीरेंद्र शास्त्री : सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक )**कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री धर्म के सहारे राजनीति में उतरने की तैयारी में है। शर्मा ने कहा कि जिस तरह 90 के दशक में बाबा रामदेव आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों का व्यापार करते थे फिर टीवी के माध्यम से योग और हिंदू मुस्लिम की बात करने लगे और देखते ही देखते करोड़ों लोग देश के अंदर उनके भगत बन गए और यही मुद्दा भारतीय जनता पार्टी ने लपक लिया। महंगाई, भ्रष्टाचार और कालाधन पर टीवी के माध्यम से सुबह से लेकर शाम तक विरोध करते रहे। बाबा रामदेव तो 30 रुपए लीटर पेट्रोल और 250 रुपए में गैस सिलेंडर दिलवाने की बात करते रहे और भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर रोती रही। शर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद न तो महंगाई कम हुई और न भ्रष्टाचार और रही बात घोटालों की एक भी व्यक्ति पर कोई भी घोटाला साबित नहीं हुआ और पिछले 9 साल में कोई भी घोटालेबाज जेल में नहीं गया क्या भाजपा का भ्रष्टाचार का मुद्दा झूठा था और मात्र सत्ता पाने का एक रास्ता था। भाजपा की सरकार बनने के बाद रामदेव न तो पेट्रोल पर बोले और न ही गैस के दाम पर बोले। पिछले 9 साल में बाबा रामदेव से लाला रामदेव बन गए। भाजपा द्वारा किए गए वादे 1 साल में दो करोड़ नौकरियां देना, 100 दिन में महंगाई कम करना, पहली मीटिंग में किसानों के कर्ज माफ करना, सब के सब झूठे साबित हुए। महंगाई दोगुना, किसानों पर कर्जा चारगुणा और भ्रष्टाचार आठ गुना हो गया। शर्मा ने कहा कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भी बाबा रामदेव के नक्शे कदम पर चलते हुए खुद को व्यापार और राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। मात्र दो साल के अंदर शास्त्री रामदेव से भी आगे निकल गए आज उनके पास खुद का चार्टर्ड प्लेन है । वह अपने हर कार्यक्रम में देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते हैं जिससे देश का भाईचारा खराब होता है। हकीकत में वह भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं यह बात देश की जनता भली-भांति जान चुकी है और अब ऐसे बाबाओं के बहकावे में नहीं आने वाली।

### बेसहारा व्यक्तियों को अपना घर आश्रम छोड़ा

**सोनीपत: समाज** कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा चलाइ जा रही बेसहारा व्यक्तियों को ढूंढ कर उठाने का कार्यक्रम के द्वारा आज फिर दो बेसहारा मिले जिनकी संख्या आज 127 हो गई हैं। जिनको हेल्पिंग हैंड्स फॉर ह्यूमैनिटी सोसायटी के प्रधान एडवोकेट जयंत व उनकी टीम द्वारा ढूंढा गया एक बेसहारा व्यक्ति बिहार के गया जिला से और दूसरा व्यक्ति झारखंड से मिले जिनकी स्थिति बहुत ही दयनीय थी। इनकी सूचना जयंत एडवोकेट द्वारा 112 पर दी गई 112पर आज सब इंस्पेक्टर जगत सिंह की ड्युटी लगी हुई थी ड्राइवर सुखबीर एसपीओ रोताश व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह ने समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद कुमार को सूचित किया की दो बेसहारा व्यक्ति रेलवे स्टेशन के सामने दयनीय हालत में पड़े है। जिसके उपरांत प्रधान आनंद कुमार ने अपना घर आश्रम पूथ खुर्द दिल्ली से गाड़ी बुलाई गई और उन दोनों बेसहारा व्यक्तियों को गाड़ी में बैठा कर पुलिस चौकी रेलवे स्टेशन द्वारा फॉर्मेलिटी पूरी करा कर उनको अपना घर आश्रम पूठ खुर्द भेजा गया। इस अवसर पर 112 की टीम व प्रधान आनंद कुमार एडवोकेट जयंत व विकाश रवि अमित मौके पर मौजूद रहे।

### एसोसिएशन के प्रधान ने मॉडल संस्कृति स्कूल में संभाला कार्यभार, शिक्षकों ने दी बधाई

**गन्नौर: हरियाणा** शिक्षक वर्ग एसोसिएशन सोनीपत के प्रधान तरुण कौशिक ने मॉडल संस्कृति स्कूल के लिए अनिवार्य पात्रता परीक्षा पास करके गढ़ी झंझरा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गनौर में तबादला हो गया है इसके बाद तरुण कौशिक ने मॉडल संस्कृति स्कूल में ज्वाइन किया। स्कूल के वाइस प्रिंसिपल डॉ राजेश शर्मा , अर्थशास्त्र की प्रवक्ता पुष्पा देवी , हिंदी प्रवक्ता निशा रानी, विजेंद्र , मनीष मौजूद थे।

# नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत जन संवाद: एसीपी जीत सिंह



**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**
**एसीपी जीत** सिंह ने शुक्रवार को सोनीपत जिले के उपमंडल खरखौदा के गाँव फिरोजपुर बांगर में युवाओं व बुजर्गों से जन संवाद करते हुए कहा कि "नशा मुक्त हरियाणा"अभियान के पूरे प्रदेश से नशे को जड़ से खत्म करना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान बढ़ रहे नशा को लेकर लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि अब आपका यह क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र विकसित हो गया है। यहां इस क्षेत्र में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और रोजगार बढ़ेंगे। जिस कारण यहाँ बाहर से बहुत लोगो को आवागमन भी बढ़ेगा। वही आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। लेकिन कुछ अवांछित व्यक्तियों का भी इस क्षेत्र में आवागमन बढ़ेगा। जोकि यहाँ नशा का कारोबार को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। क्यों की जहाँ आर्थिक स्थिति मजबूत हो उनके लिए ये एक बहुत अच्छा प्लेटफार्म होगा। इस कारोबार में जेल में बंद अवांछित अपराधी भी शामिल हो सकते है जिससे इलाके में अपराध भी बढ़ने की संभावना है। इसके अतिरिक्त आपका क्षेत्र राजधानी से भी लगता है, इसलिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिए हमे अभी से इसके लिए अपने क्षेत्र के युवाओं को जागरूक करना होगा और नशा मुक्त हरियाणा के इस अभियान में एक जुट होकर कार्य करना है इसके लिए पुलिस को जनसहयोग की आवयश्कता है।

# डीसी ने किया छावनी सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी सिविल अस्पताल का अंबाला के उपायुक्त डॉ शालीन ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टरों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही अस्पताल में डॉक्टरों व कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। वह सबसे पहले ओपीडी बिल्डिंग में पहुंचे यहां पर उन्होंने आयुषमान कार्ड संबंधी डॉक्टरों से जानकारी हासिल की। उसके बाद उन्होंने विभिन्न डॉक्टरों के कक्षों में भी गए। साथ ही यह भी बताया गया कि यहां पर मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों की टीम चण्डीगढ़ से रोगियों की जांच के लिए आती है। इसके बाद वह बिल्डिंग के प्रथम तल पर गए तथा यहां पर उन्हें विभागी अधिकारियों से जानकारी हासिल की। इसके बाद उन्होंने आयुर्वेदिक डॉक्टर जितेन्द्र वर्मा की जा रही ओपीडी को जांचा।
जहां डॉ जितेन्द्र ने पंचकर्मा विधि द्वारा लोगों के इलाज संबंधी जानकारी दी और साथ ही पंचकर्मा विधि भी बताई। इसके बाद उन्होंने बल्ड बैंक, अल्ट्रा साउंड सैंटर, एमआरआई सैंटर को भी देखा।
पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने बताया कि आज उन्होंने लोगों को दी जा रही सुविधाओं को देखा है।

# मरीजों को मुफ्त मे मिलेगा हर बीमारी का इलाज एक जगह

## आँख, दाँत, स्वास्थ्य का इलाज व रक्तदान शिविर लगेगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** की अग्रणी समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ,अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई सोनीपत व श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल के सयुंक्त प्रयास से रविवार दिनांक 02 जुलाई 2023 को शम्भूदयाल स्कूल सोनीपत मे सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक मुफ्त मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जायेगा, सेफ के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सिग्नस हस्पताल के प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा आँखों की जाँच की जाएगी मरीजों को मुफ्त दवाई दी जाएगी तथा मोतियाबिंद के मरीजों का मुफ्त मे ऑपरेशन संस्था द्वारा किया जायेगा, सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव अरविन्द मित्तल ने बताया कि दांतो की जाँच डॉक्टर वरुण शर्मा व स्वास्थ्य की जाँच सिग्नस जे के हिन्दू हस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की जाएगी एवं मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त मे भी दी जाएगी, श्याम मंडल के हरि कौशिक व नरेश कंसल ने बताया कि इस कैंप मे स्वास्थ्य जाँच के साथ साथ रोटरी ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा,संजय सिंगला ने बताया कि आज के इस महंगाई के दौर मे आम आदमी महंगे हस्पतालो मे इलाज करवाने मे अपने आपको असमर्थ पाता अतः संस्था ने हर महीने के पहले रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य जाँच कैम्प लगाने का निर्णय लिया है ताकि आम आदमी इसका फायदा उठा सके और अपने आप मे यह अकेला ऐसा कैम्प होगा जिसमें हर बीमारी का इलाज होगा।

# पानी की निकासी न होने के कारण लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पार्षद नरेन्द्र देव शर्मा दुकानदारों के साथ रोड पर पानी से निकासी न होने की समस्या को लेकर पी डब्लू डी विभाग के एस डी ओ से मिले।
नरेन्द्र देव शर्मा ने बताया कि गीता स्कूल से लेकर स्टेट बैंक, बस स्टैंड तक रोड के दोनो तरफ पानी भरा रहता है , एक तरफ नाला जो बना हुआ है उसका लेवल सही न होने के कारण पानी भरा रहता है और दूसरा स्टेट बैंक की तरफ नाला भी नही है जिस कारण पानी भरा रहता है। पार्षद ने बताया की लाखों रुपए से जो इस रोड को कार्पेट किया जा रहा है उस से पहले पानी की निकासी का हल जरूरी है नही तो पानी खड़ा होने से यह रोड दोबारा टूट जाएगी। एस डी ओ एवम एक्स ई एन ने समाधान का आश्वासन दिया।

# विधायक बड़ौली ने राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र प्रेम के वाहक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**राई हलका** विधायक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने राष्ट्रभक्ति के वाहक रहे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज भी उनकी शिक्षाएं और संदेश प्रासंगिक है, जिनका अनुसरण कर युवाओं को राष्ट्र के नव निर्माण में सहभागी बनना चाहिए। सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विधायक मोहनलाल बड़ौली के कार्यालय में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल हुए विधायक बड़ौली के नेतृत्व में उपस्थित जनसमूह ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि डा. मुखर्जी युग प्रवर्तक रहे हैं, जिन्होंने अपना समस्त जीवन ही राष्ट्र को समर्पित कर दिया। डा. मुखर्जी राष्ट्र के लिए ही जिये और जीवनभर राष्ट्रप्रेम की अलख जगाते रहे। विधायक ने इस दौरान डा. मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके त्याग, राष्ट्र प्रेम तथा शिक्षा और संदेश से लोगों को अवगत करवाया। विधायक बड़ौली ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रभक्ति एवं देश प्रेम की उस महान परंपरा के वाहक हैं जो देश की परतंत्रता के युग तथा स्वतंत्रता के काल में देश की एकता तथा विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध सतत जूझते रहे। पूर्व पार्षद नंदकिशोर चौहान, विनोद बैरागी, तरुण देवीदास, दिनेश व्यास, लोकसभा विस्तारक नरेंद्र भारती, सतपाल योगी, प्रहलाद, नरेश कश्यप, सरदार बलदेव सिंह बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# शहीद कैप्टन अतुल कटारिया चौक के सौंदर्यकरण के लिए सीएम से आग्रह




**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम।**
**ओल्ड दिल्ली** रोड स्थित शहीद कैप्टन अतुल कटारिया चौक के सौंदर्यकरण के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण के चलते यहां का सौंदर्यकरण नहीं हो पाया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लिखे पत्र में नवीन गोयल ने कहा है कि आपके कार्यकाल में गुरुग्राम ने चहुंमुखी विकास किया है। जिले में चारों तरफ विकास के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। कहीं अंडरपास, कहीं फ्लाईओवर तो कहीं सड़कों का काम जारी है। ओल्ड दिल्ली रोड पर यातायात जाम की समस्या बनी रहती थी। इसी रोड पर एयरफोर्स स्टेशन और मारुति उद्योग है। ऐसे में यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। नवीन गोयल ने कहा है कि ले. अतुल कटारिया चौक से जाम की समस्या दूर करने के लिए सरकार ने यहां गुरुग्राम शहर से ओल्ड दिल्ली रोड पर जाने के लिए फ्लाईओवर और सिगनेचर टावर चौक से शीतला माता मंदिर (मार्बल मार्केट) की तरफ जाने के लिए अंडरपास का निर्माण कराया गया है। इसी चौक पर पहले से लगी शहीद ले. अतुल कटारिया की प्रतिमा भी लगी है। यहां विकास के कार्यों के चलते अभी तक इस चौक का सौंदर्यकरण नहीं हो पाया है।
नवीन गोयल ने कहा कि विकास की सकारात्मक सोच वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल से करबद्ध आग्रह है कि वे शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक का सौंदर्यकरण कराएं, ताकि समय-समय पर यहां लोग शहीद को नमन करने आ सकें। नवीन गोयल ने यह भी सुझाव दिया कि चौराहे के बीच में शहीद कैप्टन अतुल कटारिया की एक प्रतिमा भी स्थापित की जाए। वे एक बहादुर सैनिक थे, जो कि ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। यह उन्हें स्मृति में सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि शहीद के नाम से इस चौक पर जिस सुयोजित तरीके से काम किया गया है, वह नजर आ रहा है। अंडरपास बहुत ही व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है।

# 'आधार बने 10 वर्ष से अधिक हो गया तो जल्द अपडेट करवाए'

## 14 सितम्बर तक मुहैया की गई नि:शुल्क ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अतिरिक्त** उपायुक्त अंकिता चौधरी ने गुरूवार को अपने कार्यालय में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति (डीएलएएमसी) की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे सभी जिलावासी को जिनके आधार को बने 10 वर्ष से अधिक का समय हो गया अपने आधार कार्ड को जल्द से जल्द अपडेट करवालें।
अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने आधार में दस्तावेज अपडेट करवाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार में आगामी 14 सितम्बर 2023 तक नि:शुल्क ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। इस दौरान आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा।
उन्होंने कहा कि जिलावासी स्वयं भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते हैं। इससे पहले लोगों को आधार पोर्टल पर अपने दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता था। यह सेवा केवल आधार पोर्टल पर मुफ्त है। वही आधार केंद्र पर 50 रुपए का शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा कि जिलावासी अपने आधार नंबर का प्रयोग करते हुए पर लॉगिन कर सकते हैं। उनके अधिकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाएगा, निवासी को डॉक्यूमेंट अपडेट पर क्लिक करना होगा जिसके बाद निवासी की मौजूदा जानकारी दिखने लगेगी।

# जिंदगी जीने का असली मजा खुश रहने में ही है: गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सनातन** धर्म कॉलेज, अंबाला छावनी के गणित विभाग के एम एस सी गणित के विद्यार्थियों द्वारा आज क्लोव 99 में गेट टुगेदर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणित विभागाध्यक्ष डॉ नवीन गुलाटी, प्रो शिवानी, प्रो दीपक, प्रो ईशा, प्रो चिराग एवम एम एस सी फाइनल ईयर के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। रिबन कटिंग एवम फूलों के साथ सबका स्वागत अभिनंदन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ केक कटिंग से किया गया। उसके पश्चात गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें पीस पीलिंग, लेमन रेस, कैंडल गेम, म्यूजिकल चेयर और साड़ी बांधना प्रमुख थे। इन गेम्स में प्रो शिवानी, सक्षम, कर्णशेर सिंह, आकाश, परविंदर, मानसी विजीय रहे। डॉ नवीन गुलाटी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ साथ इस तरह की एक्टिविटीज बहुत ही जरूरी हैं। हमें हमेशा खुश रहना चाहिए। खुश रहना जहां एक तरफ स्ट्रेस को कम करता है। वहीं दूसरी तरफ हमारे दिमाग को तरो ताजा रखता है। खुश दिल व्यक्ति ही तेज दिमाग का होता है।

# एलजी ने दिल्ली सरकार को घेरा

## पत्र में कहा- अस्पताल निर्माण योजना लक्ष्य से 10 साल पीछे, रुके प्रोजेक्ट भी गिनाए

**लेटलतीफी**

**= अस्पताल निर्माण में हो रही देरी पर अवगत भी कराया है। इस बाबत उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली की** स्वास्थ्य व्यवस्था पर उपराज्यपाल ने चिंता जताई है। अस्पताल निर्माण में हो रही देरी पर दिल्ली सरकार को अवगत भी कराया है। इस बाबत उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र भी लिखा है।

पत्र में कहा है कि न केवल सिरसपुर में नए अस्पताल का निर्माण कार्य निर्धारित समय से एक साल पीछे चल रहा है, बल्कि लोक नायक, गुरु गोबिंद सिंह, डॉ. बीआर आंबेडकर, राव तुला राम और अरुणा आसफ अली जैसे मौजूदा अस्पतालों में बिस्तरों की बढ़ोतरी में भी तीन साल से अधिक की देरी हुई है। पत्र में उपराज्यपाल ने कहा है कि इंदिरा गांधी अस्पताल का काम 2012-13 में शुरू हुआ था। 10 साल बीत जाने के बावजूद अब तक पूरा नहीं हुआ है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भगवान महावीर, अरुणा आसफ अली और दीपचंद बंधू अस्पताल में अभी तक काम ही चल रहा है। दीप चंद बंधु अस्पताल का काम 2019 में शुरू किए गया था और 2020 तक पूरा करने का लक्ष्य था। तीन साल बाद भी पूरा होने की कोई निश्चित तारीख नहीं है। उपराज्यपाल ने कहा कि 17 अस्पतालों में बिस्तरों की वृद्धि और समय पर एक नए अस्पताल के निर्माण से दिल्ली के लोगों के लिए लगभग 12,500 अतिरिक्त बिस्तर उपलब्ध हो जाते। इनमें से कई अस्पतालों की परियोजनाएं, जिनकी 2014 और 2019 में जोर शोर से घोषणा की गई थी और कहा गया था कि 2017 से 2020 तक तैयार कर लिया जाएगा, लेकिन यह योजना भी अधूरी है। अगर समय पर अस्पताल निर्माण की योजना पूरी कर ली जाती तो कोविड महामारी के दौरान बिस्तरों की अनुपलब्धता नहीं होती।

**सरकार का इरादा सिर्फ प्रचार का:** सक्सेना ने कहा कि सरकार का इरादा सिर्फ प्रचार करने का है। इसके अलावा कुछ भी नहीं है। काम जमीनी स्तर पर होना चाहिए ना की केवल प्रचार-प्रसार के लिए। विलंबित अस्पताल परियोजनाओं पर मीडिया रिपोर्टों का भी हवाला उपराज्यपाल ने दिया है। वास्तव में यह दिल्ली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। जहां जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। यह कहने के लिए बाध्य हूं कि जमीनी स्तर पर स्थिति पूरी तरह से विपरीत है। योजना में देरी की वजह से लागत में बढ़ोतरी आम बात हो गई है।

## जनता को गुमराह कर रहे एलजीः सौरभ भारद्वाज




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार लोगों की सुविधा के लिए बेहतर अस्पतालों का निर्माण कर रही है। उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से अस्पतालों के निर्माण को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जल्द ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ अस्पताल मिलेंगे। भारद्वाज ने सक्सेना पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें संबंधित अधिकारी गलत तथ्य के साथ सूचित कर रहे हैं। वह दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पतालों के निर्माण कार्य में हो रही देरी के डाटा तथ्यात्मक रूप से गलत है। कोरोना महामारी के दौरान भी दिल्ली सरकार ने अतिरिक्त बेड का बेहतर प्रबंधन किया था।




मुंडका विधान सभा में निगम पार्षद भाई गजेंदर दराल के द्वारा टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद हंसराज हंस ने भी मौजूद रहे।

## धर्मांतरण मामले में डॉ. सैमुअल मैथ्यू को सुप्रीम राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में धर्मांतरण के मामले के आरोपित ब्रॉडवेल क्रिश्चियन हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. सैमुअल मैथ्यू की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उप्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने अगले आदेश तक मैथ्यू के खिलाफ किसी भी तरह की निरोधात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मैथ्यू मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

## टीसीएस में घूस लेकर नौकरी देने के मामले में चार बर्खास्त

~~अंतरिम जमानत पर 5 जून को आएगा फैसला~~




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निजी क्षेत्र की** दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) में नौकरी के बदले 100 करोड़ रुपये के रिश्वत लेने का खुलासा हुआ है। टीसीएस ने पिछले तीन साल में 50 हजार लोगों को जॉब दी है, लेकिन इस नौकरी में अब धांधली की बात सामने आ रही है। जांच के बाद चार अधिकारियों को बर्खास्त किया गया है। टीसीएस के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में समय-समय पर शिकायतें आती रहती हैं, लेकिन कंपनी के पास उनकी जांच करने और समाधान करने के लिए मजबूत प्रक्रियाएं हैं। प्रवक्ता के मुताबिक कंपनी ने अपनी पड़ताल में पाया है कि कुछ सीनियर अधिकारियों ने हायरिंग के बदले स्टाफिंग फर्मों से रिश्वत ली है। रिश्वत के बदले हायरिंग प्रोसेस से समझौता किया गया। दरअसल, एक व्हिसलब्लोअर ने टीसीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और मुख्य परिचालन अधिकारी को एक मैसेज करके आरोप लगाया कि

**खुलासा**

**= टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) में नौकरी के बदले 100 करोड़ रुपये के रिश्वत लेने का खुलासा हुआ**

कंपनी के नियुक्ति विभाग में टीसीएस के संसाधन प्रबंधन समूह (आरएमजी) के वैश्विक प्रमुख ईएस चक्रवर्ती वर्षों से स्टाफिंग फर्मों से कमीशन ले रहे हैं। इस शिकायत के बाद कंपनी ने आरोपों की जांच के लिए तुरंत कंपनी के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी, अजीत मेनन सहित तीन अधिकारियों की एक टीम गठित की थी। जानकारी के मुताबिक टीसीएस ने कुछ हफ्तों की जांच के बाद भर्ती प्रमुख को छुट्टी पर भेज दिया और आरएमजी के चार अधिकारियों को बर्खास्त करने के साथ तीन स्टाफिंग फर्मों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया है। हालांकि, कंपनी को अभी तक अनियमितताओं के पैमाने का पता नहीं चल पाया है, लेकिन अनुमान है कि इस घोटाले में शामिल लोगों ने कमीशन के जरिये कम से कम 100 करोड़ रुपये कमाए होंगे।

## मोदी 30 को डीयू के शताब्दी समारोह के समापन सत्र में मुख्य अतिथि होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 जून को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के पीआरओ अनूप लाठर ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि समापन समारोह का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर के मल्टीपर्पज हॉल में किया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना 1 मई, 1922 को हुई थी। गत वर्ष विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया था। विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का उद्घाटन एक मई, 2022 को हुआ था, जिसमें तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि थे और शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि थे। वर्ष भर चले शताब्दी समारोह के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।



**मुख्य अतिथि**

**= समापन समारोह का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर के मल्टीपर्पज हॉल में किया जाएगा**

## 'बुद्ध नगर से खत्ता हटाने के बाद वहां लाइब्रेरी बनवा रहे'

**कार्यवाही**

**= चुनाव के दौरान लोगों की शिकायत थी कि वह कूड़े खत्ते और उससे होने वाली गंदगी से बहुत परेशान हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर के विधायक दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों की शिकायत थी कि वह कूड़े खत्ते और उससे होने वाली गंदगी से बहुत परेशान हैं। लोगों का कहना था कि बदबू और गंदगी से हमारा जीना दूभर हो गया है। मैंने उन्हें समझाया कि यह काम एमसीडी के अंतर्गत आता है और इसे साफ करवाने की जिम्मेदारी पार्षद की है। पिछले 15 सालों से आपके वॉर्ड में भाजपा का पार्षद है। उन्होंने कूड़े के खत्तों को हटवाने का प्रयास नहीं किया। साथ ही मैंने उनसे वादा किया था कि एमसीडी में आप सरकार की जीत होगी तो कूड़े खत्ते की समस्या जरूर दूर करेंगे। आप नेता ने कहा कि बुद्धनगर के लोगों ने आम आदमी पार्टी से ज्योती गौतम जी को प्यार देकर अपने वॉर्ड का पार्षद बनाया। उनको 5 हजार से ज्यादा वोटों के साथ चुनाव जिताया। परिणाम स्वरूप हमने कूड़ा खत्ता हटवाकर जनता से किया वादा पूरा किया। जो काम बीजेपी वाले 15 साल में नहीं कर पाए, उस काम को ज्योती जी ने दो महीनों में कर दिया। इससे भी खुशी की बात यह है कि वहां पर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। चूंकि, आम आदमी पार्टी शिक्षा को अत्यधिक महत्व देती है इसलिए मुझे नहीं लगता है कि लाइब्रेरी से बेहतर कोई और विकल्प हो सकता था। इसका एक और फायदा यह है कि कोई वहां दोबारा कूड़ा नहीं फेंकेगा। उन्होंने कहा कि इसी सिलसिले में कल देर शाम ज्योति गौतम जी और एमसीडी अधिकारियों के साथ मिलकर पहले कूड़े खत्ते की जगह का निरीक्षण किया। इसके बाद एक टीम का गठन किया जो यह सुनिश्चित करेगी कि लाइब्रेरी का काम अच्छे से चले।

टीम हर हफ्ते मीटिंग कर लाइब्रेरी बनने के दौरान आने वाली समस्याओं को खत्म करने के लिए उनके समाधान पर चर्चा करेगी।

## आपातकाल का सामना करने वाले भी आ रहे हैं कांग्रेस के साथ : स्मृति ईरानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने पटना में चल रही विपक्षी दलों की बैठक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज वो लोग भी कांग्रेस के साथ हाथ मिला रहे हैं जिन्होंने आपातकाल का सामना किया है। ईरानी ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी को मात देने के लिए सभी विपक्षी दलों और नेताओं को एकत्र होना पड़ रहा है। इससे साफ हो गया कि कांग्रेस सहित कोई भी विपक्षी दल अकेले प्रधानमंत्री मोदी का सामना नहीं कर सकता है। ईरानी ने कहा कि वह विशेष रूप से कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने के लिए धन्यवाद देती हैं कि उन्होंने यह मान लिया है कि अकेले पीएम मोदी को नहीं हरा सकते हैं।



**तंज कसा**

**= इससे साफ हो गया कि कांग्रेस सहित कोई भी विपक्षी दल अकेले प्रधानमंत्री मोदी का सामना नहीं कर सकता है**

ईरानी ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा सफल रही है।

इस दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। जिसमें रक्षा, सेमी कंडक्टर, क्रिटिकल मिलीरल आदि क्षेत्र शामिल हैं।

## ब्रेजा कार से आए चार बदमाश, फार्च्यूनर कार ले उड़े

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रीत विहार** इलाके में हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। चार बदमाश ब्रेजा कार से आए और एक कारोबारी की महज आधे घंटे के अंदर फॉर्च्यूनर कार ले उड़े। पीड़ित का आरोप है वारदात के आधे घंटे बाद ही उन्होंने पुलिस को वारदात की सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कोई तत्परता नहीं दिखाई। पीड़ित सुभाष मलिक की शिकायत पर पुलिस ने ई एफआईआर की है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।सुभाष मलिक प्रीत विहार ई-ब्लॉक में रहते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार रात को उन्होंने अपनी फॉर्च्यूनर कार घर के बाहर खड़ी थी। सुबह साढ़े पांच बजे उन्होंने देखा कि उनकी कार गायब है।

**ब्रेजा कार से आए थे चार बदमाशः** सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो उनके होश उड़ गए। एक ब्रेजा कार से चार बदमाश आए और रेकी करके उनकी कार का शीशा तोड़ा और कार ले गए। पीड़ित ने फोन करके पीसीआर को वारदात की सूचना दी। आरोप है कि पीसीआर पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उनसे कहा कि वह थाने जाकर रिपोर्ट करवा दें, इसमें वह क्या करेंगे।

## सीआर पार्क में बदमाशों की गोली से एक शख्स घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण जिले** के चितरंजन (सीआर) पार्क थाना क्षेत्र में दो युवकों पर बीती देर रात बदमाशों ने गोली चलाई। इस हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया।
पुलिस को गुरुवार रात करीब 8.14 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमे कॉलर ने बताया कि गोलीबारी हुई है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। पुलिस जांच में पता चला कि सचिन गुप्ता और वसीम अहमद एक कार में सवार थे। सचिन कार चला रहा था और फोन पर बात कर रहा था। अचानक कार का पीछा कर रहे बाइक सवार दो युवकों ने ड्राइवर पर गोली चला दी। गोली साइड की खिड़की से ड्राइवर को छूते हुए निकल गई और ड्राइवर इसमें घायल हो गया। पुलिस की आगे की जांच में पता चला कि दो बाइक सवार चेहरे को छुपाकर काफी देर से कार का पीछा कर रहे थे और मौका मिलते ही उन्होंने कार चालक पर गोली चला दी। घायल कार चालक को दिल्ली पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवा दिया और सीआर पार्क थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



**जांच जारी**

**= गुरुवार रात करीब 8.14 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमे कॉलर ने बताया कि गोलीबारी हुई है**

## बीस आपराधिक मामलों में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बाहरी** दिल्ली में सुल्तानपुरी थाना इलाके के एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मनीष कलावत उर्फ काना के रूप में हुई है। वह सुल्तानपुरी का रहने वाला है और उसके ऊपर पहले से लूट, स्नैचिंग, चोरी और आर्म्स एक्ट के 20 मामले कई थानों में दर्ज हैं। अपराध शाखा के स्पेशल सीपी रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि आरोपी जब द्वारका जिला के डाबरी चौक के पास किसी से मिलने के लिए आया, तभी टीम ने उसे दबोचा। पूछताछ में उसने बताया कि वह कई आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। उसने यह भी बताया कि वह फिल्म धूम से प्रेरित होकर दिल्ली की सड़कों पर स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। इन घटनाओं में वह चोरी की बाइक का इस्तेमाल करता था। पुलिस से बचने के लिए वह दो साल पहले राजस्थान के कोटपूतली में जाकर छिप गया और वहां फर्जी पहचान से रह रहा था। जब उसके पास पैसे खत्म हो गए तो वह वापस दिल्ली आ गया। आरोपित को कई मामलों में भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। वहीं राजपार्क थाने में इसे भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## प्रॉपर्टी विवाद में हुई थी बुजुर्ग सुधा गुप्ता की हत्या, सुआ घोंपकर उतारा था मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** जिला पुलिस ने मंडावली इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला सुधा गुप्ता (72) की सुआ घोंपकर की गई हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। जांच में पता चला है कि प्रॉपर्टी विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। इस संबंध में तीन हत्यारे और उनके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। तीनों हत्यारों की गिरफ्तारी हरियाणा के भोंडसी स्थित रिठौज गांव के खेतों से हुई। आरोपी यहां खेतों के बीच बने ट्यूबवेल के कमरे में छिपे थे। इनकी पहचान मोनू डेढ़ा उर्फ चाचा (26), पुष्पेंद्र यादव उर्फ अइया (18), सार्थिक नागर उर्फ लड्डू (19) और विकास चौधरी उर्फ लाला (20) के रूप में हुई है।



पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल बाइक, एक कार, खून से सने कपड़े व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला की मंडावली एरिया में कई प्रॉपर्टी हैं। मोनू डेढ़ा उनकी कुछ प्रॉपर्टी को हड़पना चाहता था। इसी वजह से उसने अपने दोस्तों पुष्पेंद्र और सार्थिक के साथ मिलकर सुधा गुप्ता की हत्या की योजना बनाई। वारदात के बाद विकास ने इनकी भागने और छिपने में मदद की। पुलिस वारदात में इस्तेमाल सुए बरामद करने का प्रयास कर रही है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अमरुथा गुगुलोथ ने बताया कि 20 जून को मंडावली इलाके में दोपहर करीब 2.30 बजे रेलवे ब्रिज के नीचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने सुधा गुप्ता नामक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी थी। वारदात के समय वह अपने लक्ष्मी नगर स्थित घर लौट रही थीं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। इसमें जिले की एएटीएस और नारकोटिक्स की टीम को भी जांच में शामिल किया गया। टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से पुलिस को पता चला कि आरोपी हरियाणा के भोंडसी स्थित रिठौज गांव में छिपे हैं।

## संगम विहार में मात्र 500 रुपये के लिए युवक की चाकू गोदकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** जिले के वजीराबाद स्थित संगम विहार इलाके में युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। घटना का कारण कोई बड़ी रंजिश नहीं, बल्कि महज 500 रुपये था। बताया जा रहा है कि जीराबाद संगम विहार गली नंबर 5 में फैजान अपने परिवार के साथ रहने आया था। कुछ जानने वालों के साथ उसका विवाद हुआ था, जिसके बाद एक व्यक्ति ने उसके घर जाकर परिजनों को धमकी दी कि वह फैजान को जान से मार देगा। इसके बाद परिजनों ने उसे समझा बुझाकर वापस भेज दिया था। लेकिन गुरुवार रात फैजान जब अपने काम से घर वापस लौटा तो वहां ताक लगाए बैठे तीन लोगों ने फैजान पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में फैजान के सीने में चाकू लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। वहीं परिजनों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फैजान के पिता रहीस ने बताया कि दो दिन पहले तीन लड़के घर आये थे। उन्होंने कहा कि फैजान ने जेब से 500 रुपये निकाल लिए है।

## न्यूज फ्लैश

### केयू के प्रो. मुकेश कुमार व प्रो. एसके चहल बने एकेडमिक काउंसिल के सदस्य

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग के प्रोफेसर मुकेश कुमार व इतिहास विभाग के प्रोफेसर एसके चहल को एकेडमिक काउंसिल का सदस्य बनाया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि प्रोफेसर मुकेश कुमार 24 जून से व प्रो. एसके चहल 26 जून से आगामी दो वर्षों के लिए एकेडमिक काउंसिल के सदस्य होंगे।

### बायजूस करियर प्लस प्रोग्राम के तहत नीट यूजी 2023 में 52% छात्र उत्तीर्ण हुए

**मेवात।** नीति आयोग के सहयोग से भारत के आकांक्षी जिलों के लिए एक विशेष पहल, बायजूस करियर प्लस प्रोग्राम (सीपीपी) ने इन दूरदराज के स्थानों के छात्रों को नीट यूजी परीक्षा 2023 में प्रभावशाली परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। पिछड़े पृष्ठभूमि वाले, जिनके पास पहले दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक की तैयारी के लिए कोई साधन नहीं था, अब बायजूस के उच्च-गुणवत्ता वाले तकनीक-संचालित शिक्षण कार्यक्रमों तक मुफ्त में पहुंच सकते हैं। सीपीपी के बायजूस साथियों के समर्थन के साथ, उपस्थित हुए 195 में से 102 छात्रों ने उत्कृष्ट परिणामों के साथ प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की है। 3 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, क्वालीफायर में लगभग 61% लड़कियां हैं। हरियाणा के मेवात से बायजूस सीपीपी की छात्रा स्नेहा ने 90.13 प्रतिशत अंक हासिल किए। अर्हता प्राप्त करने वाले छात्र भारत भर के 22 विभिन्न आकांक्षी जिलों से आते हैं, जो जमीनी स्तर पर छात्रों तक पहुंचने और उन्हें सशक्त बनाने के बायजूस सीपीपी के दृष्टिकोण का एक प्रमाण है। बायजूस की सामाजिक पहल की उपाध्यक्ष मानसी कासलीवाल ने कहा, बायजूस करियर प्लस प्रोग्राम के माध्यम से, हम छात्रों को तकनीक-सक्षम, उच्च गुणवत्ता शिक्षण कार्यक्रमों के साथ सशक्त बनाकर इन दूरस्थ स्थानों में शैक्षिक अंतर को पाटने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। नीट यूजी 2023 में कुल मिलाकर 90.13 परसेंटाइल हासिल करने वाली हरियाणा के मेवात की बायजूस सीपीपी छात्रा स्नेहा, ने कहा, सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में 90 परसेंटाइल से अधिक स्कोर करना वास्तव में चुनौतीपूर्ण है। लेकिन मैं एक केंद्रित तैयारी रणनीति और कठोर अभ्यास के साथ ऐसा करने में सक्षम हूं। मैं बायजूस के करियर प्लस प्रोग्राम की बेहद आभारी हूं जिसने मुझे प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता पाने के लिए प्रासंगिक परीक्षण पेपर, समय प्रबंधन पर व्यक्तिगत मार्गदर्शन और नियमित अंतराल में संदेह निवारण सत्र प्रदान किए।

### भारत की गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरबाइक 40,000 प्री-बुकिंग्स हुई

**नई दिल्ली।** भारत की पहली इलेक्ट्रिक गियर वाली मोटरबाइक, मैटर ऐरा को लॉन्च हुए एक महीने से भी कम ही समय हुआ है, और इस समय अंतराल में यह देश भर में 40,000 से अधिक उत्साही राइडर्स के दिलों में विशेष जगह बना चुकी है। मैटर ऐरा ने भारत में अपनी उपस्थिति और ग्राहकों की प्रतिक्रिया से यह साबित कर दिया है कि इलेक्ट्रिक मोटरबाइक्स का युग क्रांतिकारी मोड़ ले चुका है। इसकी प्री-बुकिंग्स कंपनी की वेबसाइट (मैटर डॉट इन) और फ्लिपकार्ट व ओटीओ कैपिटल के साथ ही पार्टनर ईकोसिस्टम के माध्यम से उपलब्ध कराई गई थीं।
मैटर ऐरा का नाम सिर्फ एक नियमित मोटरबाइक तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह राइडिंग के भविष्य में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है। यह ग्राहकों को एक रोमांचकारी और एमिशन-फ्री अनुभव प्रदान करता है। मैटर ऐरा को प्री-बुक करने वाले उत्साही ग्राहक मोटरबाइकिंग में क्रांति का अनुभव करने वाले पहले व्यक्ति होंगे। प्रत्येक प्री-बुकिंग के साथ, मैटर भारत में और जल्द ही दुनिया भर में सही मायने में सुदृढ़ मोटरबाइकिंग की दिशा में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोहल लालभाई, फाउंडर और ग्रुप सीईओ, मैटर ने कहा, "हम राइडिंग के भविष्य को पुनः परिभाषित करने के लिए तत्पर हैं। यह जानकर कि ग्राहक अब बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमारे लिए बेहद हर्ष की बात है। प्री-बुकिंग को मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया भविष्य की तकनीक के प्रति ग्राहकों के झुकाव का सार्थक प्रमाण है।
फ्लिपकार्ट और ओटीओ कैपिटल के साथ हमारी साझेदारी प्रभावी रूप से उन ग्राहकों तक पहुँचने में सक्षम रही है, जो तकनीकी रूप से उन्नत और टिकाऊ गतिशीलता को अपनाने की इच्छा रखते हैं। मैटर की यह उपलब्धि क्रांतिकारी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है और हम मोटरबाइक के प्रति उत्साही तमाम लोगों के आभारी हैं, जो राइडिंग के भविष्य को पुनः परिभाषित करने के सफर में हमारे साथ शामिल हो रहे हैं।"

# नशे के खिलाफ निकाली पाठशाला रैली



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला पुलिस द्वारा** आज अंबाला छावनी बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन के नजदीक हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला में अनेक पुलिसकर्मियों सहित छात्र-छात्राओं श्री व्हीलर चालकों एटैक्सी चालकोंए यात्रियो ने भाग लिया पुलिस ने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने लोगो को नशे के दुर्भाव बताए।
अंबाला छावनी थाना पडाव प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाष के दौरान उपस्थित छात्र छात्राओयात्रियों और अन्य लोगो को अपराधिक गतिविधियों नशे से दूर रहनेए नशे के दुष्परिणामों के साथ-साथ साईबर अपराध से बचनेए अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करनेए किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाता है और अपना भविष्य अन्धकारमय बना लेता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह नशे की लत में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत में डालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके। युवावर्ग नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंए पढ़ाई में अपना मन लगायेए अपना व राष्ट्र का भविष्य अन्धकारमय होने से बचायें। युवाओं ने बताया कि आज उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने बताया की वह नशे की लत में न पड़ें और यदि कोई उन्हें इस लत में डालना चाहता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें जिससे उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा सके। नशा आदमी को अन्दर ही अन्दर से खोखला कर देता है जिससे उसमें सोचने-समझने की शक्ति नहीं रहती। युवावर्ग बुरी संगत में पड़कर अपना व अपने परिवार का भविष्य अंधकारमय बना देता है। वही टैक्सी चालकों और टेंपो चालकों ने बताया कि थ्री व्हीलर चालकों और टैक्सी यूनियन द्वारा पुलिस के साथ मिलकर नशे के विरुद्ध एक रैली का भी आयोजन किया गया नशा एक सामाजिक बुराई है इसे समाज से हटाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाईक सवार सुरक्षा कर्मी की मौत

**8 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। मृतक के चचेरे भाई ने कार चालक के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत दी**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र में काम करने वाले सुरक्षाकर्मी की मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सुरक्षा कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना थाना बड़ी में दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। मृतक के चचेरे भाई ने कार चालक के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत दी। शिकायत में दिल्ली सरसपुर निवासी राकेश ने बताया कि गांव बनवासा तहसील गोहाना के रहने वाले उसका चचेरा भाई रवि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में एक कंपनी में बतौर सुरक्षा कर्मी तैनात था। शुक्रवार की सुबह उसका भाई दिल्ली के बख्तावर स्थित अपनी ससुराल से मोटरसाइकिल पर ड्यूटी के लिए निकला था। जब वह बड़ी गांव के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रही एक तेज वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने राकेश के ब्यान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पानीपत की अनाज मंडी में भाजपा की करनाल लोकसभा की रैली आज



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत नई** अनाज मंडी पानीपत में 24 जून को होने वाली करनाल लोकसभा की गौरवशाली भारत रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन रविंद्र राजू, सांसद संजय भाटिया व जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने शुक्रवार को दिनभर अनाज मंडी में रहकर रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। वहीं सांसद संजय भाटिया ने बताया कि रैली की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रैली में मुख्य वक्ता केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर होंगे तथा अध्यक्षता मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। रैली को पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी संबोधित करेंगे। भारी जोश है और बहुत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं दूसरे लोग रैली में पहुंचेंगे। जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि रैली में आने वाले लोगों को बैठाने को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई है। इस अवसर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजय छौक्कर व सुलेख डिडवाड़ा, भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना व रविंद्र भाटिया, महेश थरेजा, डा. अनिल गुप्ता, रोशन छौक्कर, चांद भाटिया व पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सांझा मोर्चा द्वारा 26 जून को घोषित रोडवेज हड़ताल एक महीने के लिए स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** डिपो प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने बताया कि 23 जून को माननीय परिवहन मंत्री, पीएसटी तथा महानिदेशक के साथ सांझा मोर्चा की 2 घंटे मीटिंग हुई जिसमें 10 मार्च को मानी गई मांगों पर चर्चा हुई। उसके बाद पूरे मांग पत्र पर चर्चा हुई मुख्य रूप से मांगों पर आश्वासन दिया गया है। सरकार की ओर से दिए गए आश्वासन के बाद सांझा मोर्चा द्वारा 26 जून को घोषित रोडवेज हड़ताल एक महीने के लिए स्थगित कर दी गई है।
रोडवेज के सभी कर्मचारियों के अर्जित अवकाश कम कर दिए गए थे उन का 15 जुलाई तक लेटर जारी कर देंगे। तथा 20/9/22 से पहले के जुड़े हुए अर्जित अवकाश जिस भी कर्मचारी का काट दिए गए थे उनको वापसी जोड़ दिया जाएगा और उनके पैसे दिए जाएंगे।

## चातुर्मास की तैयारियों को लेकर शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाई



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। धर्म नगरी** गांव पुरखास में चातुर्मास के लिए जैन मुनि 2800 किलोमीटर की पदयात्रा करके ग्राम पुरखास में पहुंचे हैं। जैन मुनियों का ग्राम में पहुंचने पर राजेश पहलवान पुरखासिया सरपंच बहादुर, जिला पार्षद सतीश गुलिया, सरपंच प्रतिनिधि सुनील, पूर्व सरपंच उमेद सिंह, पूर्व सरपंच यशपाल बाबा, महाबीर, जयवीर पहलवान आदि ने समस्त ग्राम वासियों के साथ जैन मुनि संतों का शुक्रवार को भव्य स्वागत किया। श्रमण संघीय आचार्य सम्राट श्री शिव मुनि जी महाराज , उत्तर भारतीय प्रवर्तक आशीष मुनि महाराज की आज्ञा अनुवर्ती प्रेमसुख महाराज साहब के पौत्र शिष्य व उपाध्याय प्रवर रविंद्र मुनि महाराज , श्रमण संघीय सलाहकार रमणीक मुनि महाराज के सुशिष्य संत रत्न संत रत्न सेवा शिरोमणि आलोक मुनि, महाराज साहब, वाणी भूषण , अमन मुनि महाराज , सेवाभावी अक्षय मुनि महाराज चातुर्मास मे शोभायात्रा के साथ जैन संतों ने ग्राम पुरखास में स्थित जैन स्थानक में प्रवेश किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ राजेश पहलवान पुरखासिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा में सबसे आगे जैन ध्वज उसके बाद भारी संख्या में महिलाएं मंगल कलश के साथ आगे बढ़ रही थी। शोभायात्रा भारी संख्या में पुरखास धीरान, पुरखास राठी, लुधियाना, सहारनपुर, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली, गुरुग्राम, राजस्थान आदि क्षेत्रों से भक्तगण राकेश राठी, विजेंद्र राठी, महसिंह राठी, सुमित जैन, राहुल जैन, , पंकज जैन, सोनू जैन, नितेश जैन आदि शामिल रहे।

# पुलिस का अपडेट रहना अति आवश्यकः डीएसपी पवन कुमार



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक ) पुलिस के** जवानो का अपडेट रहना अति आवश्यक है क्योंकि समाज मे हर रोज नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। नई चुनौतियों का सामना करने और ऑनलाइन सिस्टम को सुचारू रूप से चलाने के लिये पुलिस के जवानो का अपडेट रहना बहुत जरुरी है। ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से काम को सही और समय पर करना आसान हो जायेगा । ये शब्द विचार को उप पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र पवन कुमार ने अपने कार्यालय में जिला के सभी थाना चौकियों के मुंशियों व कम्प्यूटर ओपरेटरों को सम्बोधित करते हुऐ कहे। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निर्देशनुसार वीरवार को देर सायं उप पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र ने अपने कार्यालय में जिला पुलिस के सभी थानों/चोकियों के मुंशियों का एक ट्रेनिंग सेशन करवाया गया । इस सेशन में सभी जवानों को ऑनलाइन होने वाले पुलिस के सभी कार्यो बारे विस्तार से समझाया गया। इस ट्रेनिंग सेशन में सीसीटीएनएस इंचार्ज देवसुख ने सभी जवानों को ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करने, डाटा अपलोड करने जैसे कार्यो की ट्रेनिंग दी । उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आजकल हर कार्य ऑनलाइन हो गये हैं जिसके लिए पुलिस जवानों का अपडेट होना अति आवश्यक है । इसी बात को ध्यान में रखकर आज इस ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया है । इन्टरनेट के इस दौर में पुलिस कर्मचारियों को नई-नई तकनीक बारे अपडेट किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि आईसीजेएस सिस्टम के माध्यम से कार्य को करना और आसान होगा । नये सिस्टम से जहां अपराधियों तक पहुंचना आसान होगा वहीं चोरी के वाहनों को तलाश करने में भी मदद मिलेगी। ट्रेनिंग में सभी थानों/चोकियों के अपडेट किये गये रिकॉर्ड को चेक किया गया। इस मौका पर आरडब्लू उप निरीक्षक सुल्तान सिंह, सीसीटीएनएस इंचार्ज, जिला के सभी थानों व चोकियो के मुंशी, उप निरीक्षक लाभ सिंह, सीसीटीएनएस टीम के सदस्य, हवलदार सतीश कुमार, वरुण कुमार आदि काफी संख्या मे पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

## हैंडबॉल खेल को विश्व पटल पर पहचान दिलाना दिग्विजय का लक्ष्यः राजेंद्र जेलदार



**पानीपतः शुक्रवार** को विश्व हैंडबॉल दिवस पर गांव आसन कलां में आयोजित सम्मान समारोह में हैंडबाल के एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मैच आसन कलां और भंडारी के बीच खेला गया, जिसमें आसन कलां ने जीत हासिल की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति सदस्य राजेंद्र जेलदार और सचिव विकी खर्ब ने शिरकत की। इस मौके पर राजेंद्र जेलदार ने कहा कि दिग्विजय चौटाला जी का प्रयास एवं लक्ष्य ओलंपिक में हैंडबॉल का पदक जीतना है और हैंडबॉल को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है। जेलदार ने कहा कि आज देश में हैंडबॉल के खेल को पसंद किया जा रहा है जिसमें हरियाणा के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में हैंडबॉल का उच्च स्तरीय इंडोर स्टेडियम बनवाने की मांग को लेकर गांव की पंचायत के प्रस्ताव पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मार्फत हर संभव कौशिश की जाएगी। इस अवसर पर पवन कोच, संदीप दहिया, अनिल धामा . सोनू मुखरिया . बिंद्र आसन . नीरज, रवि. सुनील. सागर. सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रामबास में जागरूकता एवं मैडिकल शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल जिला बाल** कल्याण परिषद की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति एवं अवैध व्यापार दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम की कड़ी में आज खंड निजामपुर के गांव रामबास में जागरूकता एवं मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 50 लोगों ने भाग लिया। नशे से पीड़ित 20 लोगों का पंजीकरण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।
इस मौके पर केन्द्र के परियोजना निदेशक रोहताश सिंह रंगा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को केन्द्र की गतिविधियों से अवगत करवाया व नशा ना करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशा एक रोग नहीं नैतिक कमजोरी है जिससे व्यक्ति नशे के जाल में फसने के बाद अपने आप निकलना बड़ा मुश्किल हो जाता है।

## निजी वाहनों पर आर्मी, पुलिस, वीआईपी लिखना पड़ेगा भारीः एसपी




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पुलिस** अधीक्षक जशनदीप सिहँ रंधावा ने जिले के सभी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी को निर्देश जारी किए है कि जो लोग निजी वाहनों पर पुलिस, आर्मी, वीवीआईपी लिखवाकर नियमों का उल्लघंन कर रहे है उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। एसपी का कहना है कि यह एक गम्भीर मामला है। लोगों की जान की रक्षा के लिए यह आदेश जारी किया गया है कि ऐसे स्टीकर वाहनों पर ना लगाएं। अगर कोई विभाग के आदेश का उल्लघंन करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निजी वाहनों पर पुलिस, आर्मी, वीआईपी लॉगो वाले स्टीकर लगाकर रौब दिखाना भारी पड़ेगा। अम्बाला पुलिस ने सख्ती करने की तैयारी शुरू कर दी है। एस0पी0 जशनदीप सिहँ रंधावा ने आदेश जारी किया है कि अब निजी वाहन पर पुलिस, आर्मी, वीआईपी लॉगो वाले स्टीकर नहीं लगेंगे। पुलिस का कहना है कि आतंकी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सीधे तौर पर यह गम्भीर मामला है। ऐसे लॉगो का इस्तेमाल कर शरारती तत्व गलत काम को अंजाम दे सकते है। लोगों की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए पुलिस ने यह आदेश जारी किया है।
एसपी जशनदीप सिहँ रंधावा ने बताया कि कुछ लोग निजी वाहनों पर पुलिस, आर्मी, वीआईपी लॉगो का स्टीकर लगाकर घूमते है। इसी की आड़ में कुछ शरारती तत्व गलत काम को अंजाम दे सकते है। कुछ लोग इन विभागों के साथ मिलते जुलते लॉगो तैयार करवाकर अपने वाहनों पर भी लगा रहे है। इस कारण यह आराम से इन विभागों के अन्दर चले जाते है और इनके वाहन भी प्रवेश पा जाते है। यह एक गम्भीर मामला है। लोगों की जान की रक्षा के लिए यह आदेश जारी किया गया है कि ऐसे स्टीकर वाहनों पर ना लगाएं।

# नशे के खिलाफ दिलाई जनजागरण जागरुकता की शपथ



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल राजकीय महाविद्यालय** नारनौल के रेड रिब्बन और नशा मुक्ति क्लब के सानिध्य में और स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ डॉ रमेश चन्द्र आर्य के दिशानिर्देशों में और प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग के मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला महेंद्रगढ़ में नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान डिप्टी सीएमओ मनोचिकित्सक डॉ अनिल यादव ने बताया कि नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो समाज को खोखला कर रहा है नशा मानव जीवन को समय से पहले ही समाप्त कर रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। नशे के प्रभाव से बच्चे, बुजुर्ग और युवा कोई भी अछूता नहीं है। मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव से सिर्फ भारत ही नहीं पूरा विश्व जूझ रहा है इस लिए नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस 26 जून को सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है। इसलिए हम सभी को मिल कर इस नशें खिलाफ हमेशा आवाज उठानी चाहिए। जिला महेंद्रगढ़ में सामान्य हस्पताल नारनौल के नशामुक्ति केंद्र पर इस प्रकार के नशें में ग्रस्त लोगों के लिए बिल्कुल मुफ्त इलाज और दवाओं की सुविधा उपलब्ध है और नशेड़ियों को मनोवैज्ञानिक रूप से भी सुदृढ़ किया जाता है और उन्हें समाज से जोड़ा जाता है। जिला महेंद्रगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी नशें और नशीली दवाओं के अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहा है। प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमेशा नशा के खिलाफ और नशीली दवाओं के विरुद्ध आवाज बुलंद करनी चाहिए। क्योंकि नशा व्यक्ति, परिवार की खुशियां लील जाता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ-साथ मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ लड़ाई के लिए जागरूकता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। युवा पीढ़ी इसका शिकार होकर अपने भविष्य को नष्ट कर रही है, स्त्रियां इसके कारण उत्पीड़न का शिकार हो रही है। रेडक्रास और रेड रिब्बन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ चंद्रमोहन ने नशा के खिलाफ समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को नशा के खिलाफ जागरूकता शपथ दिलवाई और साथ ही साथ एक नशामुक्ति जनजागरण रैली भी निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ समस्त स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

## गठबंधन सरकार से जनता परेशान, लोगों को विधानसभा चुनाव का इंतजारः महीपाल



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत** ग्रामीण हलके से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महीपाल सुबेदार ने शुक्रवार को ग्रामीण हलके के गांव आसन कलां में पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ कार्यक्रम के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। महीपाल सुबेदार का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। वहीं महीपाल सुबेदार ने कहा कि प्रदेश में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस के पक्ष में हवा चल रही है और जनता ने अभी से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई बढ़ी ? से आम जनता परेशान है और प्रदेश का युवा आज बेरोजगारी की लाइन में खड़ा होकर नौकरी की बाट जोह रहा है। लेकिन भाजपा-जजपा सरकार की असलियत अब जनता जान चुकी है और आने वाले चुनाव में जनता मौजूदा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी। इस अवसर पर मदनलाल मजोका, विशंभर गुर्जर, अंकित तंवर, सेठपाल तंवर ,शमशेर बाल्मीकि , चंद्र श्याम शर्मा ,बलजीत सैनी, हंसन अली, हवा सिंह तंवर, देवी सिंह तंवर ,मंगिराम शर्मा, जगदीश तंवर, बाबूराम तंवर, सतपाल तंवर, बलवान व हुकम सिंह तंवर, आदि मौजूद रहे।

# भलस्वा डेरी में डेंगू, मलेरिया रोधी कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली नगर** निगम (स्वास्थ्य विभाग, सिविल लाइन क्षेत्र) ने वार्ड नंबर-18 के भलस्वा डेरी में डेंगू व मलेरिया रोधी कार्यक्रम का आयोजन किया।
इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल लाइन जोन के एएचओ डॉ राजशेखर और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस अवसर पर डॉक्टर राजशेखर ने उपस्थित लोगों को डेंगू के मच्छर एवं डेंगू बीमारी से संबधित जानकारी दी। इस मौके पर सभी ने प्रण लिया कि वो इस डेंगू महामारी से लड़ने में निगम का पूरा सहयोग करेंगे। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि मेरी सभी से अपील है कि डेंगू, मलेरिया और





चिकनगुनिया जैसी बिमारी से बचने के लिए आप जागरूक रहे और अपने कूलर की सफाई सप्ताह में एक बार अवश्य ही करें। साथ ही अगर किसी की घर की छत पर टायर या गमले में बारिश का पानी एकत्रित है तो उसे गिरा दे या निकाल दे। क्योंकि इनमें मच्छर पैदा होते है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि सभी आज शपथ ले कि वह इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाते हुए लोगों को जागरूक करेगें।

## अतिरिक्त सरचार्ज जनता से वसूल रही है सरकार: कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार की बिजली मंत्री आतिशी द्वारा भारत के राष्ट्रपति द्वारा डीईआरसी चैयरमैन पद पर पूर्व न्यायधीश उमेश कुमार की नियुक्ति पर सवाल उठाना आश्चर्यजनक है, जबकि केजरीवाल सरकार डीईआरसी के शीर्ष पद पर अपना व्यक्ति बैठाना चाहती थी ताकि वह दिल्ली की जनता के पैसों को निरंतर लूटती रहे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार मुफ्त बिजली के नाम पर दिल्ली को जनता को बिल के साथ 22 प्रतिशत अतिरिक्त सरचार्ज लेकर वसूल रही है। अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले



अरविन्द केजरीवाल दिल्ली की गरीब जनता को सरचार्ज घटाकर भारी बिजली के बिलों में राहत देनी चाहिए। अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस लगातार मांग करती रही है कि सरकार बिजली कम्पनियों को सब्सिडी देने की बजाय उपभोक्ताओं के खातें में सब्सिडी सीधी डाले। परंतु केजरीवाल सरकार ने सब्सिडी के नाम पर दिल्ली की जनता को लूटकर 11,743 करोड़ की जनता को दी जाने वाली सब्सिडी सीधी बिजली कम्पनियों को दी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त केजरीवाल सरकार बिजली बिलों पर फिक्स जार्च, पीपीएसी, आर.ए. सरचार्ज, बिजली टैक्स के नाम पर 37,227 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि के रुप में जनता को लूटकर अपना घर भर रही है। अनिल कुमार ने कहा कि बिजली मंत्री का बयान कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में सबसे सस्ती बिजली 24 घंटे उपलब्ध करा रही है, पूरी तरह बेबुनियाद है। क्योंकि दिल्ली में बिजली दर यूनिट बढ़ने के साथ-साथ बढ़ने का प्रावधान डीईआरसी ने किया है जो 700 यूनिट के बाद लगभग 10 रुपये प्रति यूनिट पहुॅच जाता है।

उन्होंने कहा कि 200 यूनिट मुफ्त बिजली के नाम पर गरीब दिल्ली वालों को लूटा जा रहा है। जब 200 यूनिट बिजली मुफ्त है तब 3 रुपये प्रति यूनिट वसूलने का प्रावधान क्यों। 201-400 यूनिट पर सीधा 4.50 रुपये प्रति यूनिट चार्ज करके दिल्ली की जनता को लूटा जा रहा है जबकि 201 यूनिट के बाद 3 रुपये प्रति यूनिट चार्ज किया जाना चाहिए। 200 यूनिट के 1 यूनिट उपर होने के बाद उपभोक्ता पूरा बिल अदा कर रहा है, कहीं तो 200 यूनिट से कम होने पर भी पूरा बिल लिया जा रहा है।

## राजौरी गार्डन सिंह सभा से प्रेरणा लेने की आवश्यकता: जसप्रीत




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सिख** गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी धर्म प्रचार के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर ने राजौरी गार्डन सिंह सभा पहुंचकर बच्चों को पुरस्कृत किया और साथ ही सरदार हरमनजीत सिंह व उनकी समुची टीम की सराहना की, जिनके द्वारा मानवता की सच्ची सेवा निभाने के साथ-साथ धर्म प्रचार के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़ कर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य सिंह सभाओं के प्रबन्धकों को राजौरी गार्डन सिंह सभा से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सरदार जसप्रीत सिंह करमसर चेयरमैन धर्म प्रचार कमेटी दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा दिल्ली और आस-पास के इलाकों में जाकर बच्चों के गर्मी की छुटिटयों में लगाए गये गुरमत कैंप में बच्चों की हौंसला अफजाई की जा रही है। उसी कड़ी में आज राजौरी गार्डन के गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंचकर उन्होंने बच्चों से सिख इतिहास से सम्बिन्धित प्रश्नोत्तर भी किए और उन्हें इतिहास की जानकारी भी दी। बच्चों के द्वारा गुरबाणी कीर्तन भी किया गया। उन्होंने कहा मुझे बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि यहां के प्रबन्धक हरमनजीत सिंह की योग्य अगुवाई में जिस तरह से बढ़-चढ़ कर धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।



निगम पार्षद मीनू विरेंद्र गोयल के कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। इस मौके पर निगम पार्षद मीनू गोयल, मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## 43वीं पुण्य तिथि पर स्वर्गीय संजय गांधी को श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में 43वीं पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद स्वर्गीय संजय गांधी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संजय गांधी की स्मृतियों को याद करते हुए वत्स ने कहा कि भारत में स्वदेशी आम आदमी की पहुंच में कार मारुति बनाने का सपना देखने वाले संजय गांधी ने मारुति मोटर लि. स्थापित की। उनके आकस्मिक निधन के कारण उनके जीते जी मारुति कार का सपना अधूरा रह गया। लेकिन बाद में उनका ड्रीम प्रोजेक्ट साकार हुआ और देश के आम जन को मारुति 800 के रुप में अपनी स्वदेशी कार मिल ही गई।
संजय गांधी ने अपना पांच सूत्री कार्यक्रम देश के सामने रखा था जो वर्तमान परिस्थितियों में आज भी प्रासंगिक है। साक्षरता, परिवार नियोजन, दहेज उन्मूलन, वृक्षारोपण, जाति मुक्त समाज। उनका पांच सूत्री कार्यक्रम बहुत अच्छा था। लेकिन परिवार नियोजन के नाम पर जबरन नसबंदी से जन-आक्रोश फूट पडा और उन्हें भारी विरोध का सामना करना पडा। जिससे उनका चौतरफा विरोध हुआ और उनका पांच सूत्री कार्यक्रम ठंडे बस्ते में चला गया।



भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले देशभक्त व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के दौरान निगम पार्षद सुमन शर्मा और मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी व अन्य।

## जनता को गुमराह कर रही है आम आदमी पार्टी: जिन्दल

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल ने बताया कि आम आदमी पार्टी और भाजपा ने दिल्ली की जनता को केवल धोखा देने का कार्य किया है। जो वादे दिल्ली की जनता से इन्होंने किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हो रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी व भाजपा दिल्ली की जनता की



समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में विकास केवल कागजों में ही नजर आ रहा है, धरातल पर तो विकास हो ही नहीं आ रहा है।

## आदर्श नगर थाना ने कुख्यात स्नैचर को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर थाना के स्टाफ ने स्नैचर को गिरफ्तार किया है। स्नैचर के पास से लूटा गया मोबाइल फोन, नकद रुपये बरामद किए गए। साथ में अपराध में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। आरोपी की पहचान राजकुमार उर्फ दीपक पुत्र किशन बहादुर निवासी शालीमार बाग गांव, दिल्ली, उम्र- 24 वर्ष के रूप में हुई है।
इसी के साथ आदर्श नगर थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 483/23 के तहत स्नैचिंग का एक मामला सुलझा लिया गया। जांच में पता चला है कि आरोपी राजकुमार उर्फ दीपक पहले भी लूट, स्नैचिंग और चोरी



के 08 मामलों में शामिल पाया गया है। उसने नशीली दवाओं/शराब की लत को पूरा करने के लिए और आसानी से पैसा कमाने के लिए लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है। शिकायतकर्ता राजिंदर सिसौदिया पुत्र महेंदर सिसौदिया निवासी वजीरपुर गांव, अशोक विहार, दिल्ली ने रिपोर्ट दी कि 20.06.23 को रात लगभग 10:00 बजे, जब वह शाह आलम बंद रोड से आ रहा था और पास पहुंचा आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन, वह अपना मोबाइल फोन हाथ में ले रहा था और अचानक दो लोग पीछे से आए और उनमें से एक ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और दोनों मौके से भाग गए। छीने गए मोबाइल फोन में रुपये भी थे। इसके बॉडी कवर में 2000 रुपए नकद हैं। इस संबंध में, थाना आदर्श नगर में एफआईआर संख्या 483/23 धारा 356/379/34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। अपराध की गंभीरता और घटना की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, पीएस आदर्श नगर के एचसी मुकेश और सीटी भूपेन्द्र की एक समर्पित टीम को इंस्पेक्टर की कड़ी निगरानी में इस मामले पर काम करने के लिए तैनात किया गया था।

## सभी को पौधारोपण अवश्य करना चाहिए: धर्मवीर यादव

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
बादली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम सभी अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाये, जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। धर्मवीर



यादव ने आगे कहा कि मानव जीवन में वृक्षों का बहुत अधिक महत्व है। वृक्ष पर्यावरण संतुलित रखने के साथ-साथ मानव के खाद्य सामग्री और औषधियां देते हैं। इसलिए सभी पौधारोपण करें।

# मॉडल टाउन विधानसभा में सर्वसमाज सम्मेलन का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा में भाजपा ने सर्वसमाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के गुलाबी बाग स्थित जिला कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल मौजूद रहे। इस अवसर पर अशोक गोयल देवराहा भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील कुमार, जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हरविन्दर खत्री सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने मौजूद लोगों को भाजपा की नीतियों और कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है। आज सभी वर्ग के लोग पीएम मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा ने कहा कि भाजपा की नीतियां जनहितैषी नीतियां है, भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील कुमार ने भी कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों को धन्यवाद किया और कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।

# जिला में प्रशासनिक कमेटी की अनुशंसा पर ही अवैध कॉलोनियों को किया जाए नियमित: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में प्रशासनिक कमेटी की अनुशंसा पर ही अवैध कॉलोनियों को नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अधिसूचना के अनुसार अवैध कॉलोनियों के डेवलपर्स, जमीन मालिक अथवा रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन आवेदन करें। वहीं आवेदन के साथ कॉलोनी का लेआउट प्लान व मलकियत से संबंधित राजस्व दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। डीसी विक्रम सिंह जिला में प्रशासनिक कमेटी की अध्यक्षता करते अवैध कॉलोनियों को नियमित करने



समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने नगर निगम की सीमा से बाहर विकसित की गई अवैध कॉलोनियों में नागरिक सुविधाओं के साथ अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए 19.07.2022 को अधिसूचना जारी कर दी थी। सरकार द्वारा जारी की गई इस अधिसूचना के 6 महीने की अन्दर अवैध कॉलोनियों के डेवलपर्स, जमीन मालिक अथवा रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन को आवेदन करना था और आवेदन के साथ कॉलोनी का लेआउट प्लान व मलकियत से संबंधित राजस्व दस्तावेज संलग्न करने थे।

बता दें कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार डीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी आवेदनों की जांच करेगी। इस कमेटी में जिला नगर योजनाकार कन्वीनर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद , जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, कार्यकारी अभियंता, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर , कार्यकारी अभियंता पीएचईडी, जिला अग्निशमन अधिकारी,कार्यकारी अभियंता पंचायती राज और तहसीलदार को सदस्यों के तौर पर शामिल किया गया है। जबकि इस कमेटी की अनुशंसा पर अवैध कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाएं देने व इन्हें नियमित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है तथा आवेदकों द्वारा कॉलोनियों को नियमित करने के लिए बिल्ट अप एरिया के लिए कलेक्टर रेट का 5 प्रतिशत और खुले क्षेत्रों के लिए 10 प्रतिशत की दर से विकास शुल्क जमा करवाने उपरान्त कॉलोनियों को नियमित किया जा रहा है। साथ ही वहां रहने वाले नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 19.07.2022 की पॉलिसी अनुसार अवैध कॉलोनियों को चार श्रेणियों में बांटा गया है।

# गदपुरी में आयोजित होने वाली गौरवशाली भारत रैली होगी ऐतिहासिक: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आगामी 25 जून को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के गांव गदपुरी में टोल के नजदीक आयोजित की जाने वाली प्रस्तावित रैली को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रैली स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ उपायुक्त विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सीआईडी राजकुमार, अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा, एएसपी जसलीन कौर, एसडीएम शशि वसुंधरा, डीएसपी सज्जन कुमार, वियजपाल, साकिर हुसैन, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, किरणपाल खटाना, लोक निर्माण



विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव, हरेंद्र सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाली गौरवशाली भारत रैली ऐतिहासिक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने रैली स्थल का जायजा लेते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति, बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली आपूर्ति, पुलिस विभाग द्वारा बैरिकेटिंग व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद ब्लॉक के जसाना गांव में सरकार की जनहितैषी योजनाओं हेतु किया गया विशेष प्रचार: राकेश गौतम



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के निदेशों पर केंद्र व प्रदेश सरकार की पिछले नौ वर्षों की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए एक माह का विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया। इसी श्रृंखला में आज वीरवार को फरीदाबाद ब्लॉक के गांव जसाना में शत्रुघन नागर ड्रामा पार्टी द्वारा ग्राम वासियों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं बारे नाटकीय रूप में आमजन का मनोरंजन करते हुए जागरूक किया गया।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि इस विशेष प्रचार अभियान के माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों व सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न जन हितैषी योजनाओं जैसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ई खरीद पोर्टल, ई-नाम कृषि उपज मंडियां, किसान मित्र योजना, धान के स्थान पर अन्य फसलों जिनमें मक्का, कपास, बाजरा, दाल चना व चारा को प्रोत्साहित करने के लिए फसल विविधीकरण के तहत सात हजार रुपये की सब्सिडी, स्वामित्व योजना, अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, चिरायु कार्य, परिवार पहचान पत्र से मिलने वाले लाभ, हर घर नल से जल, चिरायु योजना सहित आमजन को लाभ देने के लिए शुरू की गई सैकड़ों योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृत्व वंदना योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, किशोरी शक्ति योजना, कन्या कोष, एसिड अटैक से पीड़ित महिलाओं का पुर्नवास के अलावा विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी भी दीजा रही है।

पंचायत उपचुनाव के चलते आचार संहिता वाले गांवों में नहीं होगा प्रचार

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि भजन पार्टियों को निर्देश दिए गए हैं कि पंचायत उपचुनाव के लिए जिन गांवों में उपचुनाव हैं और आचार संहिता लागू हैं उन गांवों में प्रचार अभियान नहीं चलाया जाएगा। इस दौरान सभी भजन पार्टियों के सदस्यों को निर्देश दिए कि प्रचार के दौरान आम बोलचाल की भाषा में भजनों व नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। विशेष प्रचार अभियान में पूरन मल भजन पार्टी, बिजेंद्र सिंह सिहोल भजन पार्टी, बिजेंद्र सिंह मित्रोल भजन पार्टी, कुमार पाल भजन पार्टी, हरिकिशन भजन पार्टी और शत्रुघन नागर ड्रामा पार्टी शामिल हैं।

### गुरुग्राम: साथ वाले खाली प्लॉट में बेसमेंट खोदी तो झुकी इमारत क्रेन से रोकी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

यहां डीएलएफ फेज-3 में एक इमारत इसलिए झुक गई कि उसके साथ वाले खाली प्लॉट को गहराई से खोदा गया था। इमारत को गिरने से बचाने के लिए क्रेन को बुलाकर थामा गया।

जानकारी के अनुसार डीएलएफ फेज-3 के यू ब्लॉक में 60 गज के प्लॉट में चार मंजिला इमारत बनाई गई है। इसके साथ वाले खाली प्लॉट पर इमारत बनाने के लिए खुदाई शुरू की गई। उसकी बेसमेंट खोदी गई थी। जिस कारण से चार मंजिला इमारत झुक गई। इमारत झुकने की सूचना मिलते ही लोगों में हड़कंप मच गया। इमारत को गिरने से बचाने के लिए क्रेन मंगाई गई और इमारत को सपोर्ट दिया गया। इस मामले में डीटीपी इंफोर्समेंट की ओर से प्लाट मालिक को नोटिस भी जारी किया गया है। बेसमेंट खुदाई के काम को बंद करवा दिया गया। डीटीपीई मनीष यादव की ओर से जानकारी दी गई है कि जिस प्लॉट में खुदाई का काम चल रहा था, वहां पर कोई नक्शानवीस और सुपरवाइजर नहीं था। कई तरह की जानकारियों प्लॉट मालिक से मांगी गई हैं।

विभाग की ओर से इमारत मलिक को भी नोटिस भेजकर इमारत को खाली करने के साथ स्ट्रक्चर इंजीनियर से इमारत का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने को कहा गया है।

# उपचुनावों को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

जुलाई माह में फरीदाबाद के कुछ गांव में होने वाले पंच और पार्षद बाई इलेक्शन चुनाव में शांति से मतदान के लिए इंस्पेक्टर सत्यवान व आरएएफ टीम ने शुक्रवार को धौज एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना धौज के अन्तर्गत आने वाले गांव सिरोही, खोरी जमालपुर, धौज, पाखल, फतेहपुर तगा, आलमपुर में फोर्स के साथ पैदल फ्लैग निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष ग्राम पंचायत के चुनावों में कुछ सीटो पर चुनाव जीते सदस्य होने पर पंच व पार्षद की सीट खाली रह गई थी।

# प्रशासन, पुलिस और पब्लिक एक दूसरे के पूरक: एसडीएम त्रिलोक चंद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि प्रशासन, पुलिस और पब्लिक एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को सामाजिक, मानसिक, आर्थिक व शारीरिक तौर पर खत्म करता है। नशा बेचने व करने वालों के खिलाफ प्रशासन और पुलिस कानूनी कार्रवाई करने का हर संभव प्रयास कर रही है। जनभागीदारी इस प्रयास को सफल बनाने के लिए अनिवार्य है। प्रशासन और पुलिस की के नशा मुक्ति फरीदाबाद बनाने के अभियान में आमजन बढ़ चढ़कर भाग लें। एसडीएम त्रिलोक चंद, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा तथा डीसी



विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार एडीसी अपराजिता के कुशल मार्गदर्शन में गत सायं बल्लभगढ़ की तिरखा कॉलोनी के शिव महावीर पार्क में विशाल जागरूकता कैम्पों में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस जनभागीदारी के साथ सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला में नशा करने वालों और नशीले पदार्थों के बेचने वालों की गम्भीरता से निगरानी कर रहे हैं।एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि नशा समाज में अपराध की जड़ है। अफीम, गांजा, सुल्फा, शराब, भांग, धतूरा व नशीली दवाओं को खत्म करने के लिए प्रशासन व पुलिस द्वारा जनभागीदारी के साथ एक अभियान चलाया जा है। इस अभियान में शामिल होकर फरीदाबाद के पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर नशे के कारोबारियों को खत्म करने में अपना सहयोग दें। एसडीएम त्रिलोक चंद ने कहा कि मां-बाप बच्चों की आवश्यकता पूरी कर सकता है। उसके शौक पूरे नहीं कर सकता। आजकल युवा नशे-नशे की ओर बहुत तेज गति से जा रहा है। इसके लिए हर मां-बाप को अपने बच्चों का पूरा ध्यान रखना पड़ेगा। ताकि वह नशे के गर्त में ना जाए। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को सामाजिक, मानसिक, आर्थिक व शारीरिक तौर पर खत्म करता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस का सहयोग है कि आमजन की भागीदारी के साथ सहयोग करके फरीदाबाद को नशा मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कॉलोनी के जिस घर में भी नशा साफ दिख रहा है। उसकी सूचना पुलिस व प्रशासन को 24 घंटे किसी भी समय दे सकते हैं।

# किठवाडी रेलवे पुल के साथ फुट ओवर ब्रिज का विधायक ने किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** विधायक दीपक मंगला ने शुक्रवार को करीब एक करोड़ रुपए की लागत से रेलवे फुट ओवर ब्रिज व गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में 54 लाख रुपए की लागत से किठवाड़ी रेलवे पुल चौकी के नजदीक रेलवे लाइन के उपर बनने वाले फुट ओवर ब्रिज तथा 46 लाख रुपए की लागत से वार्ड नंबर-04 कैलाश नगर में दो गलियों के निर्माण कार्य शामिल हैं। विधायक दीपक मंगला ने कहा



कि रेलवे पार की आबादी की यह वर्षों पुरानी मांग थी। गौरतलब है कि रेलवे लाइन कि दोनों तरफ की आबादी का एक दूसरी तरफ आना जाना लगा रहता है और रेलवे क्रॉसिंग के दौरान अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती थी, जिसे देखते हुए भारतीय रेलवे ने किठवाडी रेलवे पुल के नीचे चारदीवारी लगाकर आवाजाही भी बंद कर दी थी।

## बच के रहना, अभी सूर्य देव और बरसाएंगे आग

**भिवानी**

अभी मौसम में गर्मी बनी रहेगी। सूर्य देवता यू ही आग बरसाते रहेंगे। दक्षिण हरियाणा में तापमान अभी और बढ़ेगा अभी तापमान 38 तक है ये तापमान अब 40 कब भी पार जाने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून अपने तय समय पर आ सकता है। गर्मी से अभी जनता की निजात नही मिलने वाली। गर्मी अभी ओर कुछ दिन तकलीफ देगी। सूर्य देवता यू ही आग बरसाएंगे, इसलिए घर से जरूरी काम होने पर ही बाहर निकले। खेतों में भी पहले बेशक बारिश से पानी भरपूर मिला लेकिन अब गर्मी की वजह से फिर से पानी की आवश्यकता है।

# पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला परिषद फरीदाबाद के वार्ड नंबर-2 और फरीदाबाद जिला के तीनों खण्ड विकास कार्यालयों के 26 पंचो के चुनाव किए जा रहे हैं।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि खण्ड बल्लबगढ़ के गांव दयालपुर के वार्ड 7, फतेहपुर बिलोच के वार्ड 15 तथा 19, झुग्गी छाँयसा के वार्ड 4,6 व 8, मोहना के वार्ड 13, नरवाली के वार्ड 2, पन्हेरा खुर्द के वार्ड नंबर 10, जकोपुर के वार्ड नंबर 2 में पंच पद के लिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी तमाम गतिविधियों को क्रियान्वित किया जा रहा है। वहीं फरीदाबाद ब्लॉक के आलमपुर गांव के वार्ड नंबर 8, अलीपुर शिकारगाह गांव के वार्ड नंबर 7, धौज गांव के वार्ड नंबर 10, खोरी जमालपुर गांव के वार्ड नंबर 10, किडावली गांव के वार्ड नंबर 1, मांगर गांव के वार्ड नंबर 3 तथा 6, पाखल गांव के वार्ड नंबर 3, ताजपुर गांव के वार्ड नंबर 2 पंचो के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी हो रही है। इसी प्रकार तिगांव ब्लॉक के भुआपुर गांव के वार्ड नंबर 11, डहकोला गांव के वार्ड नंबर 4 व 9, घुडासन गांव के वार्ड नंबर 6 कबूल पट्टी परवरिश के वार्ड नंबर 1, कुराली गांव के वार्ड नंबर 11 व महमूदपुर गांव के वार्ड नंबर 3 में पंच पदों के उप चुनाव करवाने के लिए हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पंचायत के उप चुनावों का कार्यक्रम जारी किया गया है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत विक्रम सिंह ने आगे बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र गत 21 जून से 26 जून 2023 तक प्रातः 10:00 बजे से 03:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। उक्त तिथियों में उम्मीदवार द्वारा सम्बंधित आरओ को घोषणा पत्र देने होगें। राजपत्रित अवकाश 25 जून 2023 को नामांकन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएगें।

# मानव रचना में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईकैन-6 का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद** (हरपाल सिंह यादव )। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में पत्रकारिता और जनसंचार विभाग की ओर से पहचान, संस्कृति और एजेंडा- संचालित न्यूज कास्ट (आईकैन-6) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। दिल्ली मेट्रोपॉलिटन एजुकेशन, नोएडा के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम का मकसद वर्ष 2030 तक संयुक्त राष्ट्र की ओर से निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी-3) को प्राप्त करने के लिए भारत की तैयारियों और स्वास्थ्य एवं विज्ञान की भूमिका पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम की



शुरूआत करते हुए डीन प्रोफेसर (डॉ.) मैथिली गंजू ने कहा कि सतत विकास लक्ष्य सिर्फ वैचारिक मानक नहीं हैं, बल्कि इनसे कहीं ज्यादा हैं। हमें इसके मूल सिद्धांतों पर फोकस करते हुए ये देखने की जरूरत है कि भारत इन लक्ष्यों पर कहां खड़ा है। बतौर वक्ता पहुंची साउथ एशिया ऑर्गन एंड कंपनी से पब्लिक हेल्थ एंड पॉलिसी प्रोफेशनल सुश्री प्राची गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि नीतियों की बात करें तो भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। जहां तक स्वास्थ्य देखभाल का सवाल है, इसपर हमें अपनी रणनीति बदलकर महिलाओं की स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो केजी सुरेश ने विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य को पहले कभी गंभीरता से नहीं लिया गया, हालांकि अब इसपर ध्यान दिया जा रहा है। इसमें मीडिया अहम भूमिका निभा सकता है, लेकिन मीडिया का ध्यान इस ओर कम है ।

कम्यूनिकेशन स्पेशलिस्ट सुश्री कल्याणी राजन ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि सूचना देने का मीडिया का उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब जानकारी लोगों को कोई कार्य करने या उनके व्यवहार में बदलाव करने को प्रेरित करे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर मनाया मुखर्जी जी का बलिदान दिवस : गोपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** आज भारतीय जनता पार्टी ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के ज़िला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए कइस अवसर पर महा जनसंपर्क अभियान के लोकसभा सह संयोजक सोहनपाल सिंह,भाजपा जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, डॉ आर.एन सिंह,जिला सचिव मुकेश अग्रवाल,जिला कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र राघव,जिला विस्तारक मंजीत सिंह जांगड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सीकरी पवन चौधरी, जिला मीडिया सह-प्रभारी राज मदान,महिला मोर्चा



जिला महामंत्री ममता राघव,निवर्तमान पार्षद एडवोकेट छत्रपाल, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सत्येन्द्र दुग्गल व अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे क गोपाल शर्मा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचारों और उनके जीवन दर्शन पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रधानमन्त्री जवाहरलाल नेहरू के हस्तक्षेप के चलते जम्मू कश्मीर का भारत में पूरी तरह से विलय नहीं हो पाया, जिसके फलस्वरूप श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर राज्य का अलग संविधान व धारा 370 के खिलाफ अपनी आवाज उठाई क डॉ. मुखर्जी ने सन 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की और दो निशान, दो विधान, दो संविधान का खुला विरोध किया। 1953 में कश्मीर समस्या को लेकर बड़े संघर्ष की शुरूआत की और जम्मू कश्मीर के सम्पूर्ण विलय के लिए एक आंदोलन किया कइस आंदोलन के चलते भारत भर में एक नारा गूँज गया किइ एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशानः नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे । उन्होंने 11 मई, 1953 में जम्मू कश्मीर में बिना सरकार की अनुमति के प्रवेश ले लिया कतत्कालिक कांग्रेस सरकार के कुचक्र के कारण डॉ. मुखर्जी जेल गए और जेल में ही संदिग्ध हालत में मां भारती की सेवा में अपना जीवन बलिदान किया । डॉ. मुखर्जी देश के सच्चे सपूत थे । हम सभी को उनके जीवन तथा उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए । देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में धारा 370 को तोड़कर जम्मू कश्मीर का भारत में सम्पूर्ण विलय कर उनका सपना साकार किया क

ज़िला महामंत्री मूल चन्द मित्तल ने कहा कि देश के एकता और अखंडता के लिये डॉक्टर श्यामा प्रसाद ने अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी...वो कश्मीर हमारा है, वो कश्मीर हमारा है...वो सारा का सारा है, जिस जम्मू कश्मीर के सम्पूर्ण विलय के लिए डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपने प्राणों की आहुति दी, लगभग 65 साल बाद अगस्त 2019 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने धारा 370 को सदा के लिये समाप्त कर डॉक्टर श्यामा प्रसाद जी के जम्मू कश्मीर के सम्पूर्ण विलय के सपने को साकार किया।

# 38 टीबी मरीजों को विधायक ने लिया गोद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद गुरुग्राम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलताबाद के अंतर्गत 38 टीबी रोग से ग्रस्त मरीजों को विधायक राकेश दौलताबाद ने गोद लिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. केशव, डॉ. राजेश यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

पीएचसी दौलताबाद में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राकेश दौलताबाद ने बताया कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के संकल्प के तहत हरियाणा को टीबी मुक्त



बनाने के लिये कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इन सार्थक प्रयासों से हरियाणा को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने उद्योगपतियों, शैक्षिक संस्थानों, सामाजिक संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों और निर्वाचित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे इस पुनीत कार्य से जुड़ें और टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषाहार एवं उनके परिजनों को भावनात्मक एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिये आगे आएं।वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई। इस पहल के तहत निक्षय मित्र प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता, जांच सहायता और व्यावसायिक सहायता प्रदान की जा रही है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 24 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

न्यूज फ्लैश

## पूर्व डीजीपी की पुत्री को उपहार में मिले मकान की जांच हो: अमिताभ

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आईएएस अफसर राधा एस चौहान और पूर्व डीजीपी देवेंद्र चौहान की पुत्री अंशुला चौहान को नोएडा में लगभग 10 करोड़ की लागत का बताया जाने वाला एक मकान उपहार में दिए जाने की जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी अपनी शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा कि अभिलेखों के अनुसार ललित एंड कंपनी के मालिक स्वर्गीय राजेंद्र मोहन की पत्नी अरुणा मोहन ने अंशुला चौहान को नोएडा के सेक्टर 15 ए में दो सौ वर्ग मीटर एरिया का तीन सौ पचास वर्ग मीटर निर्मित मकान नम्बर 109 गिफ्ट दिया गया। इस संपत्ति के ट्रांसफर के लिए 23 सितम्बर 2021 को प्रार्थना पत्र दिया गया। इस पर नोएडा प्राधिकरण ने अत्यंत त्वरित कार्रवाई करते हुए 26 नवम्बर 2021 को इस ट्रांसफर प्रार्थना पत्र को स्वीकृत कर लिया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि मिली जानकारी अनुसार अरुणा मोहन का राधा चौहान, देवेंद्र चौहान तथा अंशुला चौहान से किसी प्रकार का खून का रिश्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ और ताकतवर पदों पर बैठे अफसरों की बेटी को इस प्रकार बिना रक्त संबंध के व्यक्ति द्वारा इतना महंगा मकान गिफ्ट में दिए जाने की बात प्रथम दृष्टया गहन जांच की मांग करती है।

## इंफाल-उखरूल रोड पर फिर गोलीबारी

**इंफाल।** इंफाल-उखरूल सड़क के किनारे ग्वालताबी इलाके से सुरक्षा बलों और संदिग्ध सशस्त्र समूहों के बीच शुक्रवार को फिर गोलीबारी की खबर मिली है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार चल रही गोलीबारी सबसे पहले दोपहर करीब 12 बजे यिंगांगपोकपी बाजार के पास शुरू हुई। खबर लिखे जाने तक गोलीबारी जारी थी। अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। यिंगांगपोकपी बाजार में रहने वाले एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि सशस्त्र बलों और संदिग्ध उग्रवादियों के बीच गोलीबारी हुई। गोलीबारी के बाद यहां सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए हैं।
इस बीच, भारतीय झंडों के साथ सैकड़ों लोग मीरा पाइबी यिंगांगपोकपी में एकत्र हो गए हैं। इन लोगों ने इंफाल से आने वाले वाहनों को रोक दिया है। सुरक्षा कारणों से उखरूल से इम्फाल की ओर आने वाले सभी वाहनों को महादेव में रोका जा रहा है और वापस लौटने के लिए कहा जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उखरूल से इंफाल तक कई वाहन अब लितान में फंसे हुए हैं और स्थिति के नियंत्रित होने का इंतजार कर रहे हैं। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

# 'एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा उत्तर प्रदेश'

### उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए 'यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर वर्ल्ड' की संकल्पना की है

**संकल्प**
प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उप्र को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थ व्यवस्था बनाना हमारा मिशन है



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का राज्य बन जाएगा। उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए 'यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर वर्ल्ड' की संकल्पना की है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस बैठक में योगी ने कहा कि अब समय उत्तर प्रदेश का है। अपने पोटेंशियल का पूरा लाभ उठाते हुए उप्र देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उप्र को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थ व्यवस्था बनाना हमारा मिशन है। अधिकारी इसके लिए कोर सेक्टर्स पर फोकस करें। इनमें कृषि, धार्मिक पर्यटन, विनिर्माण और आईटी एंड आईटीईएस हमारे कोर सेक्टर्स हैं। इसके अलावा एनर्जी, हेल्थ, शहरी विकास, शिक्षा, फूड प्रसेसिंग, एमएसएमई आदि सेक्टर्स पर भी हमें विशेष फोकस करने की आवश्यकता है।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश के बड़े महानगरों को अलग-अलग सेक्टर्स के हब के रूप में डेवलप करने की योजना है। इसी क्रम में लखनऊ को देश का पहला एआई सिटी बनाने की तैयारी है। साथ ही प्रदेश को ग्रीन एनर्जी का हब बनाने को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा। व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए ज्यादा से ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग करना होगा। किसी भी प्रकार की पेंडेंसी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप्र के पास एमएसएमई का 96 लाख यूनिट्स का बेस है। वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए इसे लेकर बड़े स्तर पर योजना बनाने की आवश्यकता है।

**हर प्रकार के निर्माण कार्य का कराएं रजिस्ट्रेशन:** इस दौरान निर्माण सेक्टर की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 54 लाख आवास गरीबों के लिए निर्माण कराए गए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन्म मृत्यु रजिस्ट्रेशन की तर्ज पर हर प्रकार के निर्माण कार्यों का रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं। इसके लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करें। शहर और गांवों में होने वाले हर निर्माण कार्य का डेटा हमारे पास होना चाहिए। इस व्यवस्था के साथ पंजीकृत होने वाले निर्माण कार्यों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करें।

## अब यूपी बोर्ड के बच्चे सावरकर संग 50 महापुरुषों की पढ़ेंगे जीवन गाथा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में बड़ा बदलाव किया गया है। छात्र-छात्राएं अब स्कूली पाठ्यक्रम में वीर सावरकर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय समेत 50 महापुरुषों की जीवन गाथा पढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को देश की आजादी में अपने प्राण न्योछावर करने वाले महापुरुषों, क्रांतिकारियों और समाजसुधारकों से रूबरू कराने के लिए उनकी जीवन गाथा को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए थे, ताकि बच्चे देश के स्वातंत्र्य वीरों की शौर्यगाथा से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बाद से ही इन महापुरुषों के नामों को लेकर यूपी बोर्ड में लंबे समय से कवायद चल रही थी। इसको लेकर कुछ समय पहले यूपी बोर्ड के विषय विशेषज्ञों की ओर से महापुरुषों के नाम की सूची शासन को भेजी गई थी। इस पर शासन की मुहर लगने के बाद यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में विनायक दामोदर सावरकर समेत 50 महापुरुषों की जीवन गाथा शामिल करने का निर्णय लिया गया है।
यूपी बोर्ड ने नैतिक शिक्षा, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा विषय में भी इन महापुरुषों की जीवन गाथा को शामिल किया है। इन महापुरुषों की जीवन गाथा जुलाई से स्कूलों में शुरू होने वाले पाठ्यक्रम में शामिल होगी। यह विषय सभी विद्यालयों के लिए अनिवार्य किया गया है। छात्र-छात्राओं को इस विषय में पास होना अनिवार्य है। ऐसे में एक करोड़ से ज्यादा छात्र-छात्राएं महापुरुषों की जीवन गाथा पढ़ेंगे। अंक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र में शामिल नहीं होंगे।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने शिष्टाचार भेंट की।

## सीएम धामी ने साइक्लिंग अभियान दल को किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीमांत गावों के भ्रमण के लिए जा रहे निम के एमटीबी साइक्लिंग अभियान दल को शुक्रवार को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया।
शुक्रवार को कैंप कार्यालय मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री धामी ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सामाजिक जागरूकता को बढ२२३ावा देने के लिए साइक्लिंग अभियान दल को रवाना किया।
लगभग 1064 किलोमीटर की साइक्लिंग की जायेगी। अभियान में कुल 06 सदस्य हैं। यह अभियान प्रदेश के 11 जिलों से गुजरेगा।

## एमपी में अगले तीन दिन भारी बारिश का अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/गुवाहाटी**
**भारत में** 7 दिन देरी से आया मानसून बिहार पहुंच गया है। अगले तीन दिनों में मानसून के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश में 26 जून तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं यूपी में 24 घंटे में बारिश की वजह से 5 लोगों की मौत हो गई है। असम में बारिश के चलते आई बाढ़ से 5 लाख के करीब लोग प्रभावित हुए हैं। 1366 गांव पानी में डूब गए। बाढ़ के चलते 14 हजार हेक्टेयर से ज्यादा फसल पानी में डूब गई। असम में बजली, बक्सा, बारपेटा, बिश्वनाथ, बोंगाईगांव, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट समेत 22 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।



**नॉर्थईस्ट - असम, मेघालय, सिक्किम में अगले 5 दिन बारिश:** मौसम विभाग ने देश के पूर्वी राज्यों असम, मेघालय, सिक्किम में अगले 5 दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है। असम और मेघालय में 23 जून को भारी बारिश होगी। इसके अलावा सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में 23 जून तक बारिश होगी।
**पूर्वी भारत- बिहार, पश्चिम बंगाल ओडिशा में 25 जून तक बारिश:** देश के पूर्वी राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल ओडिशा में 25 जून तक बारिश होने की संभावना है।
बिहार में शुक्रवार को तेज बारिश हो सकती है। वहीं पश्चिम बंगाल में 25 जून तक बारिश का अलर्ट है।

## धामी से पीएम के प्रमुख सचिव ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा ने मुख्यमंत्री धामी से प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बद्रीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उन्हें उपहार स्वरूप स्थानीय उत्पाद भेंट किए। उल्लेखनीय है कि प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्रा, सलाहकार अमित खरे, उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने चमोली पहुंच बद्रीनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष कार्याधिकारी केदारनाथ बद्रीनाथ रिडेवलपमेंट वर्क्स भाष्कर खुल्बे भी उपस्थित रहे।



## विपक्ष को देशभक्त सावरकर नहीं माफिया पसंद हैं: मोहसिन रजा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावर वीर सावरकार की जीवनी को शामिल किये जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सरकार के इस कदम की कड़ी आलोचना की है। विपक्ष के रवैये पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहसिन रजा ने पलटवार किया है। उप्र हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने शुक्रवार को कहा कि हमें क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी पसंद हैं। हमारी सरकार उनके बारे में देश के भविष्य इन बच्चों को पढ़ाना चाहती है, लेकिन विपक्ष को अपराधी और माफिया पसंद हैं। वह उन्ही माफियाओं को ही महापुरुष के तौर पर पूजना चाहते हैं। विपक्षी दलों की सरकारों में माफियाओं के लिए सत्ता के दरवाजे खुले रहते थे, उसका यह प्रमाण है।

योजना लॉन्च होगा

### प्राधिकरण 11 राजस्व ग्रामों की करीब 1250 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करेगा

## तैयारी: एमडीए करेगा टाउनशिप योजना लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद**
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को दोपहर में एमडीए आफिस के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि प्राधिकरण टाउनशिप योजना लांच करने जा रहा है। जिसके लिए प्राधिकरण 11 राजस्व ग्रामों की करीब 1250 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करेगा। एमडीए वीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नये शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विभिन्न प्राधिकरणों को नयी टाउनशिपों के विकास हेतु भूमि अर्जन मद में सीड कैपिटल उपलब्ध कराने का प्राविधान किया गया है। एमडीए द्वारा अपनी मौजूदा नया मुरादाबाद योजना के पास स्थित करीब 11 राजस्व ग्रामों की लगभग 1250 हेक्टेयर भूमि को इस नयी टाउनशिप हेतु चयनित किया गया है।



वीसी ने आगे बताया कि एमडीए सीधे किसानों व भूस्वामियों से समुचित दरों पर चरणबद्ध तरीके से भूमि खरीदेगा। इस हेतु सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित कराई गई है।

योजना के अंतर्गत प्रस्तावित भूमि के संबंध में आपत्ति-सुझाव भी 15 दिवस के अंदर आमंत्रित किये गये हैं, जिसके बाद एमडीए द्वारा किसानों के साथ बैठक करने के बाद जिलाधिकारी के स्तर से क्रय दरों की घोषणा करायी जाएगी एवं विधिवत भूमि क्रय पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। इस मौके पर एमडीए सचिव राजीव पांडेय भी उपस्थित रहे। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि डिडोरी, डिडोरा, चैधरपुर, खदाना, रसूलपुर सुनवाती, सोनकपुर, भीमाठेर, लोधीपुर जवाहरनगर, सलेमपुर बाँगर, शाहपुर तिगरी तथा सिकंदरपुर राजस्व गांव की भूमि अधिग्रहण की जाएगी।
**टाउनशिप योजना में यह होंगे मुख्य आकर्षण:** रिवरफ्रंट, एम्यूजमेंट पार्क, पर्यटन स्थलों का विकास, सिटी सेंटर, मेडीसिटी, एजुकेशन सिटी, शिल्पग्राम, आईटी सिटी, मेगा फूड पार्क बनाये जाएंगे। साथ ही मास्टर प्लान में चिन्हित महायोजना मार्गो का निर्माण, हरित क्षेत्र का विकास, सार्वजनिक सुविधाओं का सृजन भी एमडीए करेगा।

